- फोनबुक, आर्गनाइजर, कैमरा, MP3 के लिये पीसी सिंक

उपकरण जाँच लें

आपके मोबाइल फोन के साथ एक एसी एडॉप्टर, रीचार्जेबल बैटरी, हैंडस्ट्रेप microSD कार्ड, डेटा केबल और हेडसेट आता है. कृपया देख लें कि ये उपकरण आपको मिले हैं.

महत्वपूर्ण जानकारी

यह उपभोक्ता मार्गदर्शिका आपके फोन के उपयोग और कार्यप्रणाली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देता हैं. श्रेष्ठ कार्य–प्रदर्शन के लिए और फोन को किसी भी प्रकार की क्षति या दुरुपयोग से बचाने के लिए कृपया फोन का उपयोग करने से पहले सारी जानकारी ध्यान से पढ़ ले. कोई भी अनाधिकृत परिवर्तन या संशोधन करने से आपकी वॉरंटी रद्द हो जाएगी.

सुरक्षा अनुदेश

चेतावनी! बिजली के झटके का खतरा कम करने के लिए अपना फोन ज्यादा नमी वालें स्थानों जैसे बाथरुम, स्विमिंग पूल जैसी जगह पर न ले जाएँ.

फोन को किसी नुकसान से बचाने के लिए केवल LG द्वारा मान्य बैटरियों और ट्रेवल चार्जरों का ही उपयोग करें. दूसरी बैटरियों या चार्जर का उपयोग करने पर आप वांरटी की शर्तों का उल्लंघन करतें है और इससे विस्फोट भी हो सकता है. बैटरियों और ट्रेवल चार्जरों को फोन के अलावा अन्य कामो के लिए उपयोग न करें.

अपने फोन को हमेशा ऊष्मा से दूर रखें. फोन को कभी –15 डिग्री सें. से कम या 50 डिग्री सें. से अधिक तापमान की स्थितियों, जैसे बर्फबारी के समय खुले में या किसी गर्म दिन में अपनी कार में न रखें. अत्यधिक सर्दी या गर्मी से आपके फोन को नुकसान पहुँच सकता है और गंभीर खराबी आ सकती है.

अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के पास अपने फोन का उपयोग करते समय सावधानी बरतें. आपके फोन से होने वाला आरएफ उत्सर्जन आसपास के ऐसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को नुकसान पहुँचा सकता है, जो समुचित रुप से सुरक्षित नहीं हैं. आपको व्यक्तिगत चिकित्सकीय उपकरणों जैसे पेसमेकर और श्रवण यंत्रों के निर्माताओं से पूछ लेना चाहिए कि कहीं वे आपके मोबाईल फोन के प्रति संवेदनाशील तो नहीं है.

चिकित्सालय में या पेट्रोल पंप पर अपना फोन बंद कर दें.

अपने फोन को कभी भी माइक्रोवेव ओवन में न रखें, इससे बैटरी में विस्फोट हो जाएगा.

महत्वपूर्ण ! अपने फोन का उपयोग शुरु करने से पहले कृपया टीआईए सुरक्षा जानकारी (पृष्ठ 81 पर) पढ़ लें.

एफसीसी आरएफ एक्सपोज़र जानकारी

चेतावनी! फोन का उपयोग करने से पहले यह जानकारी पढ़ें.

अगस्त 1996 में, संयुक्त राज्य के फेडरल कम्युनिकेशन कमीशन (एफ.सी.सी.) ने रिपोर्ट एंड ऑर्डर एफसीसी 96-326 पर कारवाई के माध्यम से, एफसीसी नियंत्रित ट्रांसमीटरों द्वारा उत्सर्जित रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) इलेक्ट्रोमैग्नेटिक ऊर्जा से मानव पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए अद्यतन सुरक्षा मापदंड अपनाए. ये दिशानिर्देष पूर्व में यू.एस. और अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थानों द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरुप है.

इस फोन की डिज़ाइन एफसीसी दिशानिर्देषों और इन अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों को पूरा करती है.

सावधान

केवल फोन के साथ दिए गए और अनुशंसित सहायक उपकरणों का ही उपयोग करें. अनाधिकृत उपकरण या परिवर्तन, कॉल की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव डाल सकते हैं, फोन को नुकसान पहुँचा सकते हैं या आपकी वॉरंटी का उल्लंघन कर सकते हैं.

फोन का उपयोग क्षतिग्रस्त सहायक उपकरण के साथ न करें. क्षतिग्रस्त सहायक उपकरण के संपर्क में आने पर त्वचा थोड़ी जल सकती हैं. सहायक उपकरण बदलने के लिए अपने स्थानीय डीलर से संपर्क करें.

शरीर के साथ रखकर संचालन

इस उपकरण का परीक्षण आमतौर पर उपयोग के समय शरीर और फोन के बीच रहने वाली दूरी, जिसमें फोन का पिछला हिस्सा शरीर से 3/4 इंच (2 सेमी) दूर रहता है, की स्थितियों में किया गया है. एफसीसीआरएफ एक्सपोज़र मापदंडों के पालन के लिए, उपयोगकर्ता के शरीर और फोन के पिछले हिस्से के बीच, जिसमें एंटीना भी शामिल है, कम से कम 3/4 इंच (2 सेमी) दूरी होनी चाहिए. अन्य निर्माताओं के बेल्ट क्लिप, होल्स्टर जैसे धातु के पुर्जों वाले सहायक उपकरण उपयोग नहीं किए जाने चाहिए. ऐसे उपकरण जो उपयोगकर्ता के शरीर और फोन के पिछले भाग के बीच 3/4 इंच (2 सेमी) की दूरी नहीं रख सकते, और जिनका परीक्षण शरीर से आमतौर पर रखने वाली दूरी की स्थितियों में नहीं किया गया है, वे संभवतया एफसीसीआरएफ एक्सपोज़र सीमाओं के अनुरुप न हों और इनका उपयोग नहीं किया जाना चाहिए.

वाहन पर लगा बाहरी एंटीना (वैकल्पिक, यदि उपलब्ध हो तो)

एफसीसीआरएफ एक्सपोज़र मापदंडों के अनुसार उपयोगकर्ता/पास खड़े व्यक्ति और वाहन पर लगे एंटीना के बीच कम से कम 8 इंच (20 सेमी) की दूरी होनी चाहिए. आरएफ एक्सपोज़र के बारें में अधिक जानकारी के लिए, एफसीसी की वेबसाईट http:/www.fcc.gov/ देखें.

एफसीसी भाग 15 वर्ग बी अनुपालन

यह उपकरण और इसके सहायक उपकरण, एफसीसी नियमों के भाग 15 के अनुरुप हैं. इसके संचालन की निम्न दो शर्तें हैं. (1) यह उपकरण और इसके सहायक उपकरण हानिकारक अवरोध पैदा नहीं कर सकते, और (2) यह उपकरण और इसके सहायक उपकरण किसी भी प्राप्त अवरोध को स्वीकार करेंगे, जिसमे वे अवरोध शामिल हैं जिनमे आवांछित संचालन होता है.

बैटरी के लिए सावधानियाँ

- इसे खोले नहीं.
- शॉर्ट –सर्किट नहीं करें.
- ऊँचें तापमान में न रखें : 60 डिग्री सें. (140 डिग्री फे.).
- इसे जलाएँ नहीं.

बैटरी नष्ट करना

- कृपया अपनी बैटरी को ठीक से नष्ट करें.
- अपनी बैटरी को आग या घातक अथवा ज्वलनशील सामग्रियों में न डालें.

चार्जर के लिए सावधानियाँ

- गलत बैटरी चार्जर के उपयोग से आपका फोन खराब हो सकता है और वॉरंटी का उल्लंघन हो सकता हैं.
- चार्जर केवल इनडोर उपयोग के लिए है.

बैटरी चार्जर को सीधे सूर्य के प्रकाश में खुला न ले जाएँ या इसे नमी वाले स्थानों जैसे बाथरुम में उपयोग न करें.

सावधानियाँ

- केवल LG की बैटरियों और चार्जरों का ही उपयोग करें. अन्य निर्माताओं के उत्पादों पर वॉरंटी लागू नहीं होगी.
- संकेत प्राप्त करने वाले उपकरणों (जैसे टीवी या रेडियो) के पास फोन का उपयोग करने पर इसमे अवरोध आ सकता है.
- जब आप फोन का उपयोग नहीं कर रहे हो, तो उसे सुरक्षित स्थान पर रखें.
- केवल अधिकृत व्यक्ति को ही फोन और उसके सहायक उपकरणों की सर्विस करनी चाहिए, गलत मरम्मत या सर्विस के कारण दुर्घटनाएँ हो सकती हैं और परिणामस्वरुप वॉरंटी अमान्य हो जाएगी.
- इस फोन में एक बिल्ट–इन एंटीना है. किसी भी दूसरे रेडियो ट्रांस्मिटिंग उपकरण की तरह फोन का उपयोग करते समय ऊपरी भाग को न पकड़ें जहाँ एंटीना लगा रहता है.
- केवल LG द्वारा प्रदत्त या मान्य एंटीना का ही उपयोग करें. अनाधिकृत एंटीना, परिवर्तन या संलग्नक फोन कॉल्स की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं, फोन को नुकसान पहुँचा सकते हैं या इनसे एफसीसी नियमों का उल्लंघन हो सकता है.

- एंटीना क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में सेल्युलर फोन का उपयोग न करें. क्षतिग्रस्त एंटीना के त्वचा के संपर्क में आने पर त्वचा थोड़ी जल सकती है. क्षतिग्रस्त एंटीना बदलने के लिए कृपया LG के अधिकृत सर्विस सेंटर (ASC) से संपर्क करें.
- निषिद्ध स्थानों पर सेल्युलर फोन का उपयोग न करें (उदाहरण के लिए : विमान में).
- सेल्युलर फोन को ऊँचे तापमान या ज्यादा नमी वाले स्थानो में न ले जाएँ.
- सेल्युलर फोन को पानी के संपर्क में न आने दें. यदि ऐसा होता है, तो इसे तुरंत बंद कर दें और बैटरी निकाल लें. यदि फोन काम नहीं करता है, तो इसे LG के अधिकृत सर्विस सेंटर पर ले जाएँ.
- सेल्युलर फोन को झटके या टक्कर से बचाएँ.

फोन के पुर्जे

निम्न चित्र आपको मोबाईल फोन के मुख्य पुर्जों के बारे में बताता है.

बटनों के फंक्शन

LCD स्क्रीन	संदेश और संकेत चिन्ह प्रदर्शित करती है.
सॉफ्ट बटन (इन बटनों के फंक्शन के नाम स्क्रीन में नीचे दिखतें हैं)	**सॉफ्ट बटन 1** [–] फंक्शन सेटिंग सूची प्रदर्शित करने के लिए प्रयुक्त. **सॉफ्ट बटन 2** [–] फोनबुक खोजनें, शब्द इनपुट मोड बदलने. निरस्त कॉल को SMS आदि के लिए प्रयुक्त.
कॉल बटन	उपयोगकर्ता कॉल कर या प्राप्त कर सकता है.
एंड/पावर बटन	पावर बंद/चालू करने और कॉल समाप्त करने के लिए उपयोग किया जाता है. इस बटन से आप मुख्य सूची प्रदर्शन स्क्रीन पर लौट सकते है. कॉल प्राप्त करते समय जब आप एक बार दबाते हैं, तो मोड के अनुसार घंटी या कंपन बंद हो जाता है. संपर्क तोड़ने के लिए दोबारा दबाएँ.
ओके/स्पीकर ऑन–ऑफ बटन/ऊपर/नीचे/बायाँ/दायाँ (संदेश/वॉयस डायल/मोबाइल वर्ल्ड/प्रोफाइल्स)	किसी सूची में नेविगेट करते समय हाइलाईट किए गए विकल्प को स्वीकार करता है. कॉल के दौरान, स्पीकर मोड ऑन/ऑफ सक्रिय करें. इस नेविगेशन बटन से आप तुरंत ▲ संदेश और वॉइस मेल अधिसूचना संदेश (देर तक दबाने पर लिखें सूची में), ▼ वॉयस डायल (देर तक दबाने पर वॉयस रिकार्डर सक्रिय), ◀ मोबाइल वर्ल्ड, ▶ प्रोफाइल्स (देर तक दबाने पर रिंग स्वर सूची सक्रिस) पर पहुँच सकते है.

अल्फान्यूमेरिक बटन पैड	इससे आप नंबर और अक्षर लिख सकते हैं, और सूची आइटम चुन सकते हैं.
क्लीयर/मेरी सूची/टॉर्च बटन	एक स्थान या अक्षर मिटाने के लिए इसे दबाएँ. पूरे शब्दों को मिटाने के लिए दबाएँ रखें. पिछले सूची में वापस जाने के लिए किसी सूची में इस बटन को एक बार दबाएँ. स्टैंडबॉय मोड में, बटन देर तक दबाएँ रखकर टॉर्च ऑन करें. मेरी सूची में जाने के लिये एक बार दबाएँ.
कंपन मोड बटन	स्टैंडबॉय मोड में, बटन [*] को लगभग 2 सेकंड तक दबाएँ रखकर कंपन मोड सेट करें.
बटन रक्षक बटन	स्टैंडबॉय मोड में, बटन [0] को लगभग 2 सेकंड तक दबाएँ रखकर बटन रक्षक मोड सेट करें.
कैमरा बटन	कैमरा सूची में जाने के लिये एक बार दबाएँ. फोटो मोड में जाने के लिये देर तक दबाएँ.
अन्तर्राष्ट्रीय कॉल प्रेफिक्स बटन	अंतर्राष्ट्रीय कॉल करने के लिये, [#] बटन को 2 या 3 सेकंड के लिये दबाएँ. + का मतलब अन्तर्राष्ट्रीय कॉलिंग कोड.
साइड FM/MP3 बटन	एक बार दबाने पर MP3 प्लेयर और देर तक दबाये रख कर FM रेडियो सक्रिय करें
साइड वॉल्युम बटन	MP3/FM रेडियो का वाल्युम सेट करें

स्क्रीन पर आने वाले चिन्ह

फोन का पावर चालू होने पर फोन स्क्रीन पर अनेक चिन्ह दिखाई देते हैं.

चिन्ह	वर्णन				
	फोन द्वारा प्राप्त संकेत की शक्ति स्क्रीन पर प्रदर्शित करता है और स्क्रीन पर दिखने वाली पंक्तियों की संख्या से वर्तमान शक्ति पता चलती है.				
	सर्विस नहीं. फोन को किसी सिस्टम से संकेत नहीं मिल रहा है.				
	उपयोग में है. कॉल चल रही है. * कोई संकेत न होना दर्शाता है कि फोन स्टैंडबॉय मोड में है.				
	दर्शाता है कि कोई शब्द संदेश या ई–मेल संदेश प्राप्त हुआ है.				
	दर्शाता है कि स्पीकर मोड ऑन है.		बटन रक्षक सक्रिय होना दर्शाता है.		
	कंपन मोड में.		अलार्म मोड में.		मौन मोड में.
	Bluetooth ऑन है.		अस्वीकृत कॉल को SMS.		
	DUN मोड सक्रिय है.		Bluetooth हेडसेट या हैंडसघे कनेक्ट होना दर्शाता है.		
	Bluetooth आनॅ होना दशार्त है.		फोन में microSD कॉर्ड लगाये जाने पर प्रदर्शित होता है.		
	दर्शाता है कि वॉयस उत्तर मशीन सक्रिय है.				MMS होना दर्शाता है.
	दर्शाता है कि वॉयस मेल प्राप्त हुआ है या कोई वॉयस संदेश रिकॉर्ड हुआ है.				
	चार्ज स्तर बैटरी चार्ज स्तर दर्शाता है. चार्ज पूर्ण होने पर, बैटरी चार्जिंग संकेतक झपकता है.				SMS और MMS होना दर्शाता है.

सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ, स्क्रॉल करने के लिए दबाएँ.

नाम	संदेश	कॉल विवरण	प्रदर्शन	मोबाइल वर्ल्ड
1. नाम जोड़ें	1. लिखें	1. छूटी	1. भाषा	1. R–सूची
2. खोजें	2. इनबॉक्स	2. प्राप्त	2. सर्विस एरिया	2. मूवी और संगीत
3. ग्रुप्स	3. 1234 सर्विसेस	3. डायल किये हुए	3. घड़ी और शॉर्टकद	3. प्ले और शॉप
4. शीघ्र डायल	4. आउटबॉक्स	4. कॉल मेमो में	4. समय और तिथि	4. डायल 1234
5. कॉपी & भेजें	5. वॉइस मेल	5. कॉल अवधि	5. वॉलपेपर	5. MMS लिखें
6. नाम मिटाएँ	6. UIM में संग्रह	6. विवरण मिटाएँ	6. सूची स्टाइल	6. MMS इनबॉक्स
7. मेरी प्रोफाइल	7. ड्राफ्ट्स	7. सहायता	7. रंग संरचना	7. R–सूची पुनः सेट
8. मेमोरी की जानकारी	8. टेम्प्लेट्स		8. लयबध्द रोशनी	8. UIM टूलकिट
9. सहायता	9. संदेश ग्रुप्स		9. स्क्रीन लाइट	9. गेम्स
	0. संदेश मिटाएँ		0. सहायता	0. सहायता
	*. संदेश सेटिंग्स			
	#. सहायता			

सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ. स्क्रॉल करने के लिये [⇕] दबाएँ.

प्रोफाइल्स

1. सिर्फ कंपन
2. Silent
3. General
4. Outdoor
5. हेडसेट
6. कारकिट
7. सहायता

निर्धारक/टूल्स

1. Bluetooth
2. वॉयस टूल्स
3. टाईम मैनेजर
4. मेमो
5. आरक्षित कॉल
6. अलार्म
7. स्टॉप वॉच
8. कैलक्युलेटर
9. इकाई रुपांतरक
0. विश्व घड़ी
*. सहायता

मल्टीमीडिया

1. कैमरा
2. FM रेडियो
3. MP3
4. मेरी सामग्री

सेटिंग्स

1. मेरी सूची
2. कॉल
   - कॉल फॉरवर्ड
   - कॉल प्रतीक्षा
   - किसी बटन उत्तर
   - स्वतः रिडायल
   - वॉइस प्राइवेसी
   - स्पष्ट आवाज़
   - कॉल समयक
   - कॉल संपर्क सचेतक
   - अस्वीकृत कॉल को SMS लिखें
   - अंतर्राष्ट्रीय कॉल प्रेफिक्स
   - सहायता
3. फोन
   - बटन रक्षक
   - एयर प्लेन मोड
   - डेटा सेटिंग्स
   - सर्विस सचेतक
   - वर्शन
   - सहायता
4. सुरक्षा
   - पिन कोड निवेदन
   - लॉक मोड
   - आपातकालीन नंबर
   - कोड बदलें
   - मेमोरी मिटाएँ
   - पूर्वनियत पर सेट करें
   - सहायता

पहली बार फोन का उपयोग करने से पहले पूरी बैटरी चार्ज कर लें. फोन के साथ एक रीचार्जेबल बैटरी आती है. अधिकतम स्टैंडबॉय और टॉक टाइम प्राप्त करने के लिए उपयोग में नहीं होने पर भी बैटरी को पूरी तरह चार्ज रखें.

बैटरी लगाना और निकालना

- बैटरी लगाने के लिए बैटरी को फोन के पिछले हिस्से में खाली जगह में डालें और धीरे से तब तक दबाएँ. जब तक कि लैच अपनी जगह क्लिक न हो जाएँ.
- इसे निकालने के लिए, फोन का पॉवर ऑफ करें और पिछले हिस्से को नीचे की ओर खीचें, अलग करने के लिए एक हाथ से टैब खीचें और बैटरी के ऊपरी हिस्से को उठाएँ.

बैटरी चार्ज करना

फोन के साथ दिये गये एसी एडॉप्टर चार्जर का उपयोग करने के लिए :

1. एसी एडॉप्टर को बिजली के प्लग में लगाएँ.
2. एडॉप्टर के गोल सिरे को फोन के नीचे स्थित एसी एडॉप्टर जैक में लगाएँ (सुनिश्चित करें कि बैटरी लगी हैं).

- जैसे – जैसे फोन चार्ज होता है, बैटरी का चिन्ह खाली ( )से भरे ( )होने तक पावर में वृद्धि दिखाता है.

पूरी तरह समाप्त हो चुकी बैटरी को रीचार्ज करने में लगभग तीन घंटे लगते हैं. जब बैटरी पूरी तरह चार्ज हो जाती है तो चार्जिंग संकेतक झपकता है.

बैटरी चार्ज स्तर

बैटरी चार्ज स्तर एलसीडी स्क्रीन के ऊपर दाई ओर दिखाई देता है.

जब बैटरी चार्ज स्तर कम हो जाता है, तो कम बैटरी सेंसर आपको तीन प्रकार से चेतावनी देगाः सुनाई देने वाली एक आवाज़ से, बैटरी चिन्ह आउटलाईन टिमटिमा कर और कम रीचार्ज करें प्रदर्शित करके, यदि बैटरी चार्ज स्तर बिलकुल कम हो जाता है तो फोन अपने आप बंद हो जाएगा और चल रहा कोई भी फंक्शन सुरक्षित नहीं होगा.

* चार्जिंग के विभिन्न स्तर पर अलग–अलग रंग प्रदर्शित होते हैं : नीला/हरा/पीला/लाल

बैटरी की देखभाल

1) यदि आप अनाधिकृत बैटरी का उपयोग करते हैं तो इससे बैटरी क्षतिग्रस्त हो सकती है या उसमे विस्फोट हो सकता है. इसलिए, कृपया अनाधिकृत बैटरियों का उपयोग न करें.
2) बैटरी को रीचार्ज करने के लिए आपको बैटरी के बिलकुल निचले स्तर तक पहुँचने का इंतजार नहीं करना चाहिये.
3) अपने LG फोन के मॉडल के लिए उपयुक्त बैटरी और चार्जर का ही उपयोग करें. LG के चार्जर बैटरी की आयु बढ़ातें हैं.
4) बैटरी को न तो खोलें और न ही शॉर्ट सर्किट करें.
5) बैटरी के धातु के सिरे साफ रखें.
6) बैटरी ठीक से काम न करे तो उसे बदल दें. बदलने की जरुरत पड़ने से पहले बैटरी को सैकड़ों बार चार्ज किया जा सकता हैं.
7) यदि बैटरी को बहुत समय से उपयोग नहीं किया गया हो तो उसकी आयु बढ़ाने के लिए उसे फिर से चार्ज करें.
8) बैटरी चार्जर को सूर्य की सीधी रोशनी में या बाथरुम जैसी नम जगहों पर न लें जाएँ.
9) बैटरी को गर्म या ठंडी जगह में न छोड़ें, इससे बैटरी की कार्यक्षमता घट सकती है.
10) लंबी स्क्रीन लाईट सेटिंग्स, सेवाओं की खोज, डेटा कनेक्टिविटी, और सिंक्रनाइजेशन बैटरी की आयु, टॉक और स्टैंडबॉय समय को प्रभावित कर सकते हैं.

फोन को बंद और चालू करना

फोन चालू करना

1) चार्ज किया हुआ बैटरी पैक लगाएँ या फोन को बाहरी पावर स्रोत से जोड़ें. जैसे कि सिगरेट लाईटर चार्जर, कार किट या AC एडॉप्टर.

2) बटन को 2 सेंकड तक दबाएँ जब तक कि एलसीडी स्क्रीन चालू न हो जाएँ.

नोट किसी भी अन्य संचार उपकरण की तरह, फोन के चालू होने पर एंटीना को स्पर्श न करें.

फोन बंद करना

1) बटन को स्क्रीन ऑफ होने तक दबाएँ रखें.

कॉल करना

जब भी आप कॉल करें, तो इन चरणों का पालन करें :

1) सुनिश्चित करें कि फोन चालू है, यदि नहीं है तो को 2 सेंकड तक दबाएँ रखें.

2) फोन नंबर लिखें और दबाएँ.
   - यदि फोन लॉक है, तो लॉक कोड डालें.

3) कॉल समाप्त करने के लिए दबाएँ.

नोट यदि आप सर्विस एरिया में नहीं हैं, तो स्क्रीन पर दिखाई देता है, सर्विस एरिया के बाहर से वॉइस कॉल करने पर, "कॉल पूरा नहीं हो पाया हैं. कृपया फिर से प्रयास करें", स्क्रीन पर आता हैं, इसका अर्थ यह है कि आप सर्विस एरिया में नही हैं.

कॉल प्राप्त करना

1) जब फोन की घंटी बजे या कंपन हो (यदि कंपन मोड चालू है), तो उत्तर देने के लिए (के अलावा) या कॉल सेटिंग्स के आधार पर बटन दबाएँ.
   - कॉल प्राप्त करते समय जब आप को एक बार दबाते हैं, तो मोड के अनुसार घंटी या कंपन बंद हो जाता है. संपर्क तोड़नें के लिए को दोबारा दबाएँ.

2) उत्तर दिए गए कॉल को समाप्त करने के लिए, दबाएँ.

3) यदि आप कॉल प्राप्त करने की स्थिति में नहीं हैं तो ,सॉफ्ट बटन 2 दबाकर आप कॉल करने वाले को एक संदेश भेज सकते हैं. सेटिंग्स में दिये "अस्वीकृत कॉल को SMS लिखें" फंक्शन से संदेश लिखा जा सकता है.

संकेत की शक्ति

यदि आप किसी इमारत के अंदर हैं तो खिड़की के पास रहने पर आपको बेहतर रिसेप्शन मिल सकता है. आप अपने फोन के प्रदर्शन स्क्रीन पर संकेतक ( ) से संकेत की शक्ति देख सकते हैं.

एंटीना के बारे में

आपके फोन में बिल्ट–इन एंटीना है. किसी भी रेडियो संचार उपकरण की तरह ही जब फोन चालू हो तो एंटीना को अनावश्यक स्पर्श ना करें. एंटीना को स्पर्श करने से कॉल की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इससे फोन को आवश्यकता से अधिक पावर पर काम करना पड़ सकता है. कॉल के दौरान एंटीना ना छुने से आपके फोन के एंटीना की कार्य क्षमता व टॉक टाइम में बढ़ोतरी होती है. फोन को किसी अन्य फोन की तरह ही पकड़ें.

त्वरित समायोजन

कंपन मोड समायोजित करना

किसी सार्वजनिक स्थान पर कंपन मोड का उपयोग करें.

1) स्टैंडबॉय मोड में, सूची फंक्शन का उपयोग करने के बजाय * shift दबाकर (2 सेकंड तक) आप तुरंत कंपन मोड सक्रिय कर सकते हैं.
   - कंपन मोड के सक्रिय होने पर बटन स्वर की आवाज़ नहीं आती हैं.

नोट कंपन मोड से बाहर निकलने के लिए, * shift को 2 सेकंड तक दबाएँ.

प्रोफाइल्स चुनें

1) स्टैंडबॉय मोड में, ▶ दबाएँ.
2) चार प्रोफाइल्स – सिर्फ कंपन, Silent, General, और Outdoor में से एक चुनने के लिए ⬍ दबाएँ.
3) ● या सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

स्पीकर मोड ऑन समायोजित करना

कॉल के दौरान स्पीकर मोड ऑन जल्दी से सक्रिय या रद्द करने के लिए, ● दबाएँ.

1) स्टैंडबॉय मोड में, ● को 2 सेकंड तक दबाकर स्पीकर मोड ऑन सक्रिय करें.

नोट स्पीकर मोड ऑन रद्द करने के लिए, को 2 सेकंड तक दबाएँ रखें.

यदि स्पीकर स्टैंडबॉय मोड में सक्रिय हो, तो कॉल के दौरान समायोजन कुछ भी हो, कॉल के बाद स्पीकर मोड जारी रहता है.

मेरी सूची चुनना

1) स्टैंडबॉय मोड में, मेरी सूची चुनने के लिए, C/Torch दबाएँ.

2) से इच्छित आइटम चुनें फिर सेटिंग सूची के अन्तर्गत मेरी सूची से आवश्यक सूची चुनने के लिए **सेटिंग्स** या दबाएँ.

* मेरी सूची में सामग्री जोड़नें के लिये सेटिंग सूची में जाकर जोड़ें.

बटन पैड लॉक

यह फंक्शन सेट होने पर भूल से कोई नंबर डायल होने का डर नहीं रहता.
जब यह फंक्शन सक्रिय होता है, तो कोई कॉल नहीं किया जा सकता है और सूची लॉक हो जाएगी. बटन पैड के लॉक होने पर भी कॉल का उत्तर दिया जा सकता है.

फंक्शन के सक्रिय करने के लिए :

1) 0 next बटन को दो सेकंड तक दबाएँ रखें.

फंक्शन को निष्क्रिय करने के लिए :

1) 0 next बटन को दो सेकंड तक दबाएँ रखें.

नोट सेटिंग सूची में बटन रक्षक समर्थ पर सेट होने पर बटन पैड तय समय पर स्वतः लॉक हो जायेगा.
आनेवाली कॉल समाप्त होने के बाद बटन पैड स्वतः लॉक हो जायेगा.

कॉल प्रतीक्षा

आपकी सेल्युलर सेवा कॉल प्रतीक्षा की सुविधा उपलब्ध करवा सकती है. जब कोई कॉल चल रहा हो तो आपको आने वाली दूसरी कॉल का संकेत करने वाली दो बीप सुनाई पड़ सकती हैं. कॉल प्रतीक्षा के सक्रिय होने पर, चल रहे कॉल को होल्ड पर रखकर आप आने वाली दूसरी कॉल को उत्तर दे सकते हैं. इस सुविधा के बारे में अपने सेवा प्रदाता से जानकरी लें.

1) प्रतीक्षित कॉल प्राप्त करने के लिए दबाएँ.

2) कॉल्स के बीच स्विच करने के लिए फिर से दबाएँ.

मौन

मौन फंक्शन सक्रिय होने पर दूसरा व्यक्ति आपकी आवाज नहीं सुन सकता, लेकिन आप उसकी आवाज सुन सकते हैं.

1) कॉल के दौरान सॉफ्ट बटन 1 सूची और 2abc दबाएँ.

2) मौन रद्द करने के लिए, सॉफ्ट बटन 1 सूची और फिर से 2abc दबाएँ.

कॉल पुनः डायल करना

1) नवीन कॉलों में से अंतिम नंबर डायल करने के लिए को दो बार दबाएँ.
   - आप कॉल विवरण में संग्रहीत पिछले 120 (छूटी + प्राप्त + डायल किये हुए) कॉल्स में से भी कोई नंबर डायल कर सकते हैं. (कॉल विवरण सूची पृष्ठ 42–43 देखें).

शीघ्र डायल

यह एक सुविधाजनक विकल्प है जिससे आप तुरंत और आसानी से कॉल कर सकते है. आपका फोन आपकी व्यक्तिगत डायरेक्टरी से फोन नंबर लाकर कुछ समय के लिए उसे दिखाता है और फिर उसे डायल करता है. सबसे ज्यादा डायल किए जाने वाले नंबरों के एक स्पर्श डायल के लिए आप मेमोरी स्थान 1 से 9 का उपयोग कर सकते हैं.

1) मेमोरी स्थान 1 से 9 डालें.

2) दबाएँ.

10 से 99 तक शीघ्र डायल करना

पहला अंक दबाएँ और फिर अंतिम अंक का बटन दबाएँ रखें
या
पहला और दूसरा अंक दबाएँ और दबाएँ.

कॉलर ID

कॉलर ID से आपके फोन की घंटी बजने पर कॉल करने वाले व्यक्ति का नंबर दिखाई देता है. यदि कॉल करने वाले का नाम और नंबर आपकी फोन बुक में पहले से दर्ज है तो नंबर के साथ नाम भी दिखाई देता है.
आपको अपने सेवा प्रदाता से पता कर लेना चाहिए कि वे यह सुविधा प्रदान करते हैं या नहीं.

T9 शब्द इनपुट मोड से लिखने की जानकारी

आप T9 शब्द इनपुट से बैनर, टाईम मैनेजर, शब्द संदेश, मल्टीमीडिया संदेश, ई–मेल और फोन बुक संपादित कर सकते हैं.

T9 शब्द लिखने का एक आसान तरीका है, इस इनपुट पद्धति में आपको प्रत्येक अक्षर के लिए बटन को सिर्फ़ एक बार दबाना पड़ता हैं.

बटनों के कार्य

सॉफ्ट बटन 2 : मोड चुनने के लिये दबाएँ.

– आप सॉफ्ट बटन 2 से निम्न मोड्स चुन सकते हैं : T9En, Abc, 123, प्रतीक, स्माईलीस, T9Hin, हिन्दी.

– शिफ्ट बटन [*] : अक्षर केस बदलने के लिए उपयोग करें.

[2] – [9] (शब्द लिखें) : T9 मोड में, शब्द लिखने के लिए प्रति अक्षर पर एक बार बटन दबाएँ.

[0] – [9] (नंबर लिखें) : 123 (नंबर) मोड में, नंबर लिखने के लिए एक बार बटन दबाएँ.

[0] (अगला) : T9En / T9Hin मोड में, अन्य मेल खाते शब्द प्रदर्शित करने के लिए दबाएँ.

[1] (विराम चिन्ह) : T9En / Abc मोड में, किसी शब्द में विराम चिन्ह सम्मिलित करने और वाक्य पूरा करने के लिए दबाएँ.

[#] (स्थान) : शब्द पूरा करने या स्थान सम्मिलित करने के लिए दबाएँ.

[C/Torch] (क्लीयर) : एक स्थान या अक्षर मिटाने के लिए दबाएँ, पुरे शब्दों को मिटाने के लिये दबाएँ रखे.

इनपुट मोड

T9 शब्द इनपुट में शब्द, नंबर, विशेष अक्षर और विराम चिन्ह लिखने के लिए 7 मोड्स उपलब्ध हैं.

T9En (T9) मोड

प्रत्येक अक्षर के लिए एक बार बटन दबाकर शब्द लिखें. पूर्वनियत मोड Abc हैं.

Abc (मल्टी – टेप) मोड

T9 डेटाबेस में शब्द जोड़ने के लिए Abc मोड का उपयोग करें.

123 (नंबर) मोड

प्रत्येक नंबर के लिए एक बार बटन दबाकर नंबर लिखें. किसी शब्द प्रविष्टि फील्ड में 123 मोड में बदलने के लिए, 123 मोड के प्रदर्शित होने तक सॉफ्ट बटन 2 दबाएँ.

प्रतीक/स्माईलीस मोड

विशेष अक्षर, चिन्ह या स्माईलीस सम्मिलित करें. आप किसी भी विशेष अक्षर का उपयोग कर सकते हैं, उस जगह कर्सर आ जाने पर जहाँ आप विशेष अक्षर चाहते हैं, चिन्ह/स्माईलीस मोड में जाएँ. यदि आप स्माईली जोड़ना चाहते हैं, तो स्माईलीस मोड में जाएँ. इच्छित अक्षर देखने के लिए नेविगेशन बटन ◀◉▶ दबाएँ : अक्षर चुनने के लिए, निर्धारित नंबर बटन दबाएँ.

T9Hin (T9) मोड

T9 हिन्दी शब्दकोश फंक्शन की सहायता से प्रत्येक वर्ण के लिए एक बार बटन दबाकर हिन्दी शब्द लिखें.

हिन्दी (मल्टी–टैप) मोड

हिन्दी भाषा में शब्द जोड़ने के लिए इस मोड का उपयोग करें.

प्रारंभिक बड़ा (T9En/Abc)

सिर्फ पहला अक्षर बड़ा होता है.

बड़ा अक्षर लॉक (T9EN/ABC)

सभी अक्षर बड़े हो जाते हैं.

छोटा केस (T9en/abc)

सभी अक्षर छोटे होते हैं.

T9 शब्द इनपुट उपयोग के उदाहरण

T9 मोड में लिखना

जब आप T9 मोड का उपयोग करना चाहें, तो जाँच लें कि T9En नीचे दाई ओर दिखाई दे रहा हैं. इच्छित शब्द लिखने के लिए प्रत्येक अक्षर के लिए प्रत्येक बटन को एक बार दबाएँ.

उदाहरण के लिए 'Call the Office' इस तरह लिखें :

1. अक्षर केस को T9En मोड में बदलने के लिए सॉफ्ट बटन 2 दबाएँ.
2. 2 2 5 5 दबाएँ.
3. शब्द पूरा करने और एक स्थान जोड़ने के लिए # दबाएँ.
4. 8 4 3 # 6 3 3 4 2 3 दबाएँ.
5. प्रदर्शन **Call the office**.

जैसा कि आप देख सकते हैं, हर बार बटन दबाने पर शब्द बदल जाते हैं, इसलिए पूरा शब्द लिखने तक स्क्रीन पर क्या हो रहा हैं, इस पर आपको ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता नहीं हैं.

अगला बटन का उपयोग

एक शब्द लिखने के बाद, यदि सही शब्द दिखाई नहीं देता है, तो अतिरिक्त विकल्प देखने के लिए, [0 next] दबाएँ.
उदाहरण के लिए, निम्न चरणों का पालन करें :

1. [4 ghi] [6 mno] [6 mno] [3 def] दबाएँ.
2. प्रदर्शन **Good**.
3. [0 next] दबाएँ.
4. प्रदर्शन **Home , Gone, Hood**…..

Abc (मल्टी–टैप) शब्द इनपुट उपयोग के उदाहरण

Abc (मल्टी–टैप) मोड में लिखना

उदाहरण के लिए, "LG" लिखने के लिए, इन चरणों का पालन करें :

1. अक्षर केस को Abc मोड में बदलने के लिए सॉफ्ट बटन 2 दबाएँ.
2. ABC बड़ा अक्षर लॉक मोड को बदलने के लिए [* shift] बटन दबाएँ.
3. [5 jkl] [5 jkl] [5 jkl] [4 ghi] दबाएँ.
4. प्रदर्शन **LG**.

T9 डेटाबेस में शब्द जोड़ना

यदि कोई शब्द T9 डेटाबेस में नहीं है तो इसे Abc (मल्टी – टैप) मोड शब्द प्रविष्टि से रिकॉर्ड में जोड़े. जब आप T9 मोड में लौटेंगे तब T9 डेटाबेस में वह शब्द अपने आप जुड़ जाएगा.
उदाहरण के लिए, इन चरणों का पालन करें :

1. अक्षर केस को Abc (मल्टी – टैप) मोड में बदलने के लिए सॉफ्ट बटन 2 दबाएँ.
2. [4 ghi] [4 ghi] [4 ghi] [6 mno] [8 tuv] दबाएँ.
3. प्रदर्शन **Imt**.
4. सॉफ्ट बटन 2 दबाकर इनपुट मोड को T9 मोड में बदलें और [# space] बटन दबाएँ. अब Imt शब्द T9 डेटाबेस में जुड़ जाएगा.
5. मौजूदा शब्द मिटाने के लिए [C/Torch] दबाएँ.
6. [4 ghi] [6 mno] [8 tuv] दबाएँ.
7. प्रदर्शन **Imt**.
8. दूसरे मेल के शब्द देखने के लिये [0 next] दबाएँ.

हिन्दी में लिखने के लिये बटन मैपिंग

हिन्दी में 13 स्वर, 44 व्यंजन और 15 मात्राएँ होती है.

बैंगनी रंग वाले अक्षर केवल मल्टी टैप मोड में उपलब्ध है.

बटनों की मैपिंग इस प्रकार है :

Key	Hindi Entry
0 next ्र्ो	0
1@ ँ ं ः ् ़	ँ ं ः ् ़ 1
2 abc अ-ऊ	ा ि ी ु ू ृ अ आ इ ई उ ऊ ऋ 2
3 def ए-औ	े ै ॅ ो ौ ॉ ए ऐ ऍ ओ औ ऑ 3
4 ghi क-ङ	क ख ग घ ङ 4 क़ ख़ ग़
5 jkl च-ञ	च छ ज झ ञ 5 ज़
6 mno ट-ण	ट ठ ड ढ ण 6 ड़ ढ़
7 pqrs त-न	त थ द ध न 7 ऩ
8 tuv प-म	प फ ब भ म 8 फ़
9 wxyz य-ह	य र ल व श ष स ह 9 ळ ऱ ऴ य़

हिन्दी मोड में संपादन के लिए

सॉफ्ट बटन 2 दबाकर घहिन्दी" मोड बदलें.

हिन्दी मोड संपादन

हिन्दी एक बहु – टैप मोड है.
उदाहरण के लिए, "**हिन्दी**" लिखने के लिए:

1. 2 2 बार दबाएँ.
2. 9 8 बार दबाएँ.
3. 7 5 बार दबाएँ.
4. 1 4 बार दबाएँ.
5. 7 3 बार दबाएँ.
6. 2 3 बार दबाएँ.

हिन्दी के लिय T9 शब्द इनपुट उपयोग के उदाहरण

उदाहरण के लिए '**भारतीय**' इस तरह लिखें

1. अक्षर केस को T9Hin मोड में चुनें
2. 8 2 9 7 2 9 दबाएँ.
3. शब्द पूरा करने और एक स्थान जोड़ने के लिए # दबाएँ.
4. प्रदर्शन **भारतीय**.

बाइट का वितरण:

संदेशों में : हिन्दी में प्रत्येक अक्षर 3 बाइट्स लेता है, जबकि 'क्ष', 'त्र', 'ज्ञ' में 9 बाइट्स होते हैं.
अन्य सभी मॉड्यूल्स में : हिन्दी में प्रत्येक अक्षरों के लिए 1 बाइट होता है, जबकि 'क्ष', 'त्र', 'ज्ञ' के लिए 3 बाइट्स होते हैं.

पूर्वनियोजित शब्द का संपादन

कभी–कभी T9 चुनाव सूची पूर्वनियोजित शब्द दर्शाता है.
पूर्वनियोजित शब्द से तात्पर्य है कि T9 इसे आपके डाले गये अक्षरों को देखते हुये आपकी जरुरत का शब्द समझता है.
पूर्वनियोजित शब्द T9 और Abc दोनो मोड में नीचे रेखांकित कर दर्शाये जाते हैं.
यदि प्रदर्शित किया गया पूर्वनियोजित शब्द आपकी जरुरत का नहीं है, तो अगला बटन दबाकर दूसरे पूर्वनियोजित शब्द देखे जा सकते हैं.
इच्छित शब्द प्रदर्शित होने पर # दबाकर शब्द और एक जगह जोड़ें और दूसरा शब्द लिखना शुरु करें.
अगर आपका इच्छित पूर्वनियोजित शब्द चुनाव सूची में नहीं है, तो आपना शब्द पूर्ण करने के लिये अक्षर लिखते रहें. T9 पूर्वनियोजित शब्द स्वतः हट जायेगा.

सूची तक पहुँचने और सेटिंग्स के सामान्य दिशानिर्देश

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ. प्रदर्शन स्क्रीन पर 9 सूची आइटम दिखाई देगें.
2. सूची सुविधाओं की सूची देखने के लिए दबाएँ.
3. जो सूची आइटम आप चुनना चाहते हैं, उससे संबंधित नंबर दबाएँ. तब स्क्रीन पर उपसूची दिखाई देगी.
4. इच्छित उपसूची तक पहुँचने के लिए उपयुक्त बटन दबाएँ.
5. का उपयोग करके पसंदीदा सेटिंग्स चुनें. सूची तक पहुँचते या सेटिंग्स चुनते समय एक स्तर पीछे जाने के लिए C/Torch दबाएँ.
6. सेटिंग्स सुरक्षित करने के लिए दबाएँ या बिना सुरक्षित किए रद्द करने के लिए C/Torch दबाएँ.

नोट

बटन, सॉफ्ट बटन 1 के 'चुनें' विकल्प से संबंधित होने की स्थिति में सॉफ्ट बटन 1 **'चुनें'** का काम करता हैं.

बटन, सॉफ्ट बटन 1 के पॉपअप सूची से संबंधित होने की स्थिति में सॉफ्ट बटन 1 **'विकल्प'** का काम करता है.

1. नाम

1.1 नाम जोड़ें

आप फोनबुक में किसी नाम के साथ एक से ज्यादा संपर्क विवरण दर्ज कर सकते हैं: 4 फोन नंबर, 1 ई–मेल. आप नाम को किसी ग्रुप में भी जोड़ सकते हैं, आने वाली कॉल या संदेश के लिये रिंग स्वर भी सेट कर सकते हैं, अतिरिक्त विवरण मेमो में नोट कर सकते हैं. आप किसी नाम के साथ पिक्चर भी निर्धारित कर सकते हैं. फ़ोन बुक में 2500 तक संपर्क जोड़े जा सकते हैं. UIM कार्ड में अलग से मेमोरी है.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1 **नाम** चुनें.
3. 1 **नाम जोड़ें** चुनें.

- **फोन** या **UIM** की जगह चुनें जहाँ आप सुरक्षित करना चाहते हैं.

4. से अपना इच्छित आइटम चुनें.
5. अपने रिकार्ड को सुरक्षित करने के लिए दबाएँ.

नोट

- UIM कार्ड की मेमोरी के लिए अपने सर्विस प्रदाता से सम्पर्क करें.
- UIM कार्ड में शीघ्र डायल निर्धारित नहीं कर सकते हैं.

1.2 खोजें

फोन बुक में सुरक्षित फोन नंबर खोजने के लिये.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1 **नाम** चुनें.
3. 2 **खोजें** चुनें.
4. आप नाम द्वारा या नंबर द्वारा खोज सकते हैं.
5. नाम या नंबर के वर्ण लिखना शुरू करें. स्क्रीन पर आपकी पसंदीदा प्रविष्टि प्रदर्शित होती है.
6. सम्पादन के लिए दबाएँ और चुनें हुए नंबर पर संदेश भेजने के लिए सॉफ्ट बटन 2 दबाएँ.
7. निम्नलिखीत विकल्पों को चुनने के लिए सॉफ्ट बटन 1 दबाएँ.

   संपादन/आरक्षित कॉल/संपर्क भेजें/UIM **में कॉपी/**UIM **में भेजें/**Bluetooth **द्वारा भेजें/मिटाएँ**

1.3 ग्रुप्स

यह फंक्शन ग्रुप का नाम बदलने और ग्रुप के लिए रिंग स्वर सेट करने के लिए है.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1 **नाम** चुनें.
3. 3 **ग्रुप्स** चुनें.
4. का उपयोग करके इच्छित ग्रुप चुनें.
5. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.

   सदस्य देखें : ग्रुप में सुरक्षित सदस्यों के नाम देखें.
   रिंगस्वर सेट करें : ग्रुप रिंग स्वर सेट करें.
   संदेश स्वर सेट करें : ग्रुप संदेश स्वर सेट करें.

   सॉफ्ट बटन 2 **संपादन** दबाएँ : ग्रुप का नाम संपादित करें.

नोट शिर्षक कोई ग्रुप नहीं बदला नहीं जा सकता.

1.4 शीघ्र डायल

शीघ्र डायल से आप केवल एक संबंधित अंक दबाकर शीघ्रता से कॉल कर सकते हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1 **नाम** चुनें.
3. 4 **शीघ्र डायल** चुनें.
4. रजिस्टर करने के लिए, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** का उपयोग करें और इच्छित जानकारी खोजने के लिए निर्धारित चुनें, फिर सॉफ्ट बटन 1 **निर्धारित** दबाएँ.

नोट

मिटाने के लिए, सॉफ्ट बटन 2 **मिटाएँ** दबाएँ और हाँ चुनें. सॉफ्ट बटन 1 चुनें दबाएँ.

सभी संग्रहीत शीघ्र डायल मिटाने के लिए सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **सभी मिटाएँ** चुनें. किसी विशेष स्थान के लिए निर्धारित अंक बदलने के लिए बदलें चुनें.

शीघ्र डायल 01 से 99 तक है.

1.5 कॉपी & भेजें

आप UIM कार्ड मेमोरी से फोन मेमोरी में प्रविष्टियॉ कॉपी/भेज सकते हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1 **नाम** चुनें.
3. 5 **कॉपी** & **भेजें** चुनें.
4. **फोन -> UIM** या **UIM -> फोन** चुनें और ● दबाएँ.

▶ UIM प्रत्येक संपर्क के लिए केवल एक नंबर ही लेता है, इसलिए **फोन -> UIM** में केवल पूर्वनियत नंबर ही कॉपी होगा.

5. **हाँ** या **नहीं** विकल्प चुनें.

▶ सोर्स फाईल को कॉपी या भेजनें के लिए **हाँ** चुनें.

कॉपी : सोर्स फाईल को कॉपी करें.

भेजें : सोर्स फाईल को मिटाएँ.

1.6 नाम मिटाएँ

नाम में सुरक्षित की गयी प्रविष्टियों को मिटाएँ.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1 **नाम** चुनें.
3. 6 **नाम मिटाएँ** चुनें.
4. से इच्छित नाम चुनें.
5. दबाएँ, बाद में सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **मिटाएँ** चुनें.

1.7 मेरी प्रोफाइल

आप खुद की संपर्क जानकारी और फोन नंबर सुरक्षित कर सकते हैं और देख सकते हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1 **नाम** चुनें.
3. 7 **मेरी प्रोफाइल** चुनें.
4. से अपना इच्छित आइटम डालें.
5. विवरण को अपने रिकार्ड में सुरक्षित करने के लिए दबाएँ.

1.8 मेमोरी की जानकारी

मेमोरी की जानकारी कॉर्ड और फोन में सुरक्षित फोनबुक की वर्तमान नंबर दर्शाता है. यह सुरक्षित किये गये/उपलब्ध नंबर दर्शाता है.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ.
2. 1 **नाम** चुनें.
3. 8 **मेमोरी की जानकारी** चुनें.

1.9 सहायता

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

2. संदेश

पावर चालू करते ही शब्द संदेश, पेज, ई–मेल और वॉइस मेलबॉक्स उपलब्ध हो जाते हैं. आप उपरोक्त प्रकार के संदेशों तक संदेश बटन का उपयोग करके पहुँच सकते हैं.

इसके अलावा, आप संदेश देखते समय दबाकर उस नंबर पर कॉल कर सकते हैं.

फोन में 31 संदेश (1 वॉइस संदेश : 30 शब्द संदेश) संग्रहीत हो सकते हैं, जिसमें प्रत्येक संदेश में 160 बॉइट हो सकते हैं. हिन्दी में प्रत्येक अक्षर को तीन वर्ण माना जाता है (हालाँकि, क्ष, त्र, ज्ञ में से प्रत्येक का 9 वर्ण का माना जाता है) इसलिए, हिन्दी के किसी एसएमएस संदेश में केवल 46 अक्षर तक हो सकते हैं.

उपयोगकर्ता संदेश पढ़ और संपादित कर सकता है, भेजने के दौरान आउटबॉक्स में सुरक्षित कर सकता है और फिर उन्हे भेज सकता है.

हालाँकि आपको यह देखना चाहिए कि आपका सेवा प्रदाता उपरोक्त सुविधाएँ प्रदान करता है या नहीं.

आपके फोन में एस एम एस संदेश इनबॉक्स (30), आउटबॉक्स (15 भेजे हुए/15 नहीं भेजे हुए), संग्रह (30), ड्राफ्ट्स (30), और 30 टेम्प्लेट्स (10 पूर्वनियत/20 अतिरिक्त) संग्रहित किये जा सकते हैं.

या पूरे 120 संदेश और 1 वॉइस मेल.

अक्षर सीमा : LG – RD6250 भेजने और प्राप्त होने वाले प्रति संदेश अंग्रेजी में 160 और हिन्दी में 46 अक्षर तक लेता हैं. ई–मेल में 20 अक्षरों तक का विषय और 140 अक्षरों तक का संदेश लिखा जा सकता है.

ई–मेल, विषय + ई–मेल पता + ई–मेल संदेश के रुप में रहता हैं ई–मेल विषय 20 और ई–मेल पता 50 अक्षरों तक हो सकता है.

इसलिये, कुल संदेश अक्षर 160 – विषय अक्षर – ई–मेल पता अक्षर के रुप में जोड़ा गया हैं.

MMS (मल्टीमीडिया संदेश सर्विस)

फोन के MMS इनबॉक्स में 30 MMS/50 अधिसूचना, आउटबॉक्स में 50 (भेजे गये/नहीं भेजे गये) और ड्राफ्ट्स में 20 मल्टीमीडिया संदेश सुरक्षित हो सकते हैं. तेज और आसान तरीके से संदेश लिखने के लिये 11 तैयार/4 लिखें जा सकने वाले टेम्प्लेट्स उपलब्ध हैं.

LG-RD6250 MMS में अंग्रेजी के 1000 अक्षरों तक/हिन्दी में 333 अक्षरों तक के संदेश लिखें जा सकते हैं. प्रत्येक संदेश में 300 Kbytes साइज तक के एक चित्र और एक ध्वनि/एक मूवी जोड़ सकते हैं. संदेशो में संग्रहित जानकारी फोन के मोड और सर्विस पर निर्भर करती है. आप संदेशों के प्रकार पर बटन दबाकर पहुँच सकते हैं.

2.1 लिखें

एलएमएस (लॉग मैसेज सर्विस) से आप एक बार में 462 अक्षरों तक का कोई संदेश भेज सकते हैं. एलएमएस संदेश भेजने से पहले, बनने वाले एसएमएस पैकेट्स की कुल संख्या उपयोगकर्ता को बताकर उससे भेजने की पुष्टि कर ली जाती है. अंग्रेजी के अधिकतम 3 पैकेट और हिन्दी संदेश के अधिकतम 4 पैकेट भेजे जा सकते हैं. प्रत्येक एलएमएस पैकेट एक एकल संदेश के रुप में प्राप्त किया जाता है. प्रत्येक एलएमएस संदेश, संदेश में पैकेटो के क्रम की संख्या दर्शाता है, जैसे 3 पैकेट होने पर, <1/3>, <2/3>, <3/3>.

2.1.1 शब्द लिखें

शब्द संदेश और पेज संदेश सभी उपलब्ध हैं.
शब्द संदेश : शब्द भेजता है.
पेज संदेश : बिना शब्द संदेश के केवल नंबर भेजता है.
संदेश भेजने के लिए **विकल्प** में **भेजें** दबाएँ.
कोई संदेश भेजने के लिए को भेजें स्क्रीन में गंतव्य मोबाइल नंबर लिखें.

इसमे चार वैकल्पिक सूचियाँ भेजें, टेम्प्लेट्स, सुरक्षित और हस्ताक्षर जोड़ें होती हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 abc या दबाएँ.
2. 1 **लिखें** चुनें.
3. 1 **शब्द लिखें** चुनें.
4. भेजें चुनकर भेजा जाने वाला संदेश लिखने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.
   - ▶ **भेजें** — संदेश भेजने के लिए उपयोग करें.
   - ▶ **टेम्प्लेट्स** — कोई नमूने का संदेश चुनें.
   - ▶ **सुरक्षित** — ड्राफ्ट्स संदेश में सुरक्षित करें.
   - ▶ **हस्ताक्षर जोड़ें** — आप हस्ताक्षर जोड़ सकते हैं.
   - ▶ **नंबर डालें** — फोनबुक में से नंबर देखें और संदेश के साथ जोड़ें.
5. गंतव्य फोन नंबर लिखने के बाद, दबाकर अगले प्राप्तकर्ता का पता लिखें, आप 10 प्राप्तकर्ता तक जोड़ सकते हैं. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.
   - ▶ **भेजें** — संदेश भेजने के लिए उपयोग करें.
   - ▶ **अंतिम** — किसी नवीन भेजे गये नंबरों में से चुनें.
   - ▶ SMS **ग्रुप्स** — एसएमएस ग्रुप चुनें.
   - ▶ **नाम खोजें** — कोई फोन बुक प्रविष्टि चुनें.
6. यदि आप भेजें चुनते हैं, तो यह आपको सूचित करेगा कि संदेश सफलतापूर्वक भेज दिया गया है या नहीं.
   - ▶ **भेजें** — संदेश भेजने के लिए उपयोग करें.
   - ▶ **प्राथमिकता** — आप संदेश को प्राथमिकता दे सकते हैं. सामान्य या अति आवश्यक.

- **भेज दिया गया** — भेजे गए संदेश के दूसरे पक्ष के फोन पर प्राप्त होते समय, इस फंक्शन से आप पता कर सकते हैं कि आपका संदेश दूसरे पक्ष को सफलतापूर्वक भेज दिया गया है या नहीं. यदि आप फंक्शन सक्रिय करना चाहते हैं, तो ऑन सेट करें.
- **विलंबित** — आपको सेट की गई समय सीमा तक संदेश भेजना विलंबित करने की सुविधा देता है. तुरंत, 30 मिनट के बाद, 1 घंटे के बाद, 2 घंटे के बाद, 12 घंटे के बाद, 1 दिन के बाद और 2 दिन के बाद.
- **वैधता** — कुछ समय तक गंतव्य पते को संदेश न भेजे जाने पर संक्षिप्त संदेश केन्द्र (SMC) पर संदेश भेजने की वैधता दिखाता है, ये संदेश सेट की गई समय सीमा में मिटा दिए जायेगें. वैधता समय सीमाएँ निम्न प्रकार हैं: पूर्वनियत, 30 मिनट, 1 घंटे, 2 घंटे, 12 घंटे, 1 दिन और 2 दिन.
- **भेजे गए सुरक्षित** — आप यह संदेश आउटबॉक्स में सुरक्षित कर सकते हैं.

2.1.2 ई–मेल लिखें

ई–मेल से संदेश भेजें

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 1 **लिखें** चुनें.
3. 2 **ई–मेल लिखें** चुनें.

   यहाँ भेजें, अंतिम, ई–मेल ग्रुप्स और नाम की चार वैकल्पिक सूचियाँ हैं.
   - **भेजें** — संदेश भेजने के लिए उपयोग करें.
   - **अंतिम** — अभी भेजा हुआ ई–मेल संदेश चुनें.
   - **ई–मेल ग्रुप्स** — कोई ई–मेल समूह चुनें.
   - **नाम रगेजें** — फोन बुक प्रविष्टि चुनें.
4. संदेश भेजने के लिए ई–मेल पता लिखने के बाद, दबाकर अगले प्राप्तकर्ता का पता दर्ज करें. आप 10 प्राप्तकर्ता जोड़ सकते हैं. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.
   - **भेजें** — संदेश भेजने के लिए उपयोग करें.
   - **डोमेन्स** — कोई डोमेन चुनें.
5. विषय लिखने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **अगला** दबाएँ.

6. संदेश लिखने के बाद, भेजें चुनकर सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.

- ▶ **भेजें** संदेश भेजने के लिए उपयोग करें.
- ▶ **टेम्प्लेट्स** कोई नमूने का संदेश चुनें.
- ▶ **सुरक्षित** संदेश ड्राफ्ट्स में सुरक्षित करें.
- ▶ **प्राथमिकता** आप संदेश को प्राथमिकता दे सकते है. सामान्य या अति आवश्यक.
- ▶ **भेज दिया गया** भेजे गए संदेश दूसरे पक्ष के फोन पर प्रात होते समय इस फंक्शन से आप पता कर सकते हैं कि आपका संदेश दूसरे पक्ष को सफलतापूर्वक भेज दिया या है या नहीं. यदि आप यह फंक्शन सक्रिय करना चाहते हैं, तो ऑन सेट करें.
- ▶ **विलंबित** आपको प्रोग्राम्ड समय सीमा तक संदेश भेजना विलंबित करने की सुविधा देता है. तुरंत/30 मिनट के बाद/1 घंटे के बाद/2 घंटे के बाद/12 घंटे के बाद/1 दिन के बाद/2 दिन के बाद.
- ▶ **वैधता** कुछ समय तक गंतव्य पते को संदेश न भेजे जाने पर संक्षिप्त संदेश केन्द्र (SMC) पर संदेश भेजने की वैधता दिखाता है, ये संदेश सेट की गई समय सीमा में मिटा दिए जाएँगे. वैधता समय सीमाएँ निम्न प्रकार हैं: पूर्वनियत, 30 मिनट, 1 घंटे, 2 घंटे, 12 घंटे, 1 दिन और 2 दिन.
- ▶ **भेजे गए सुरक्षित** आप यह संदेश आउटबॉक्स में सुरक्षित कर सकते हैं.
- ▶ **हस्ताक्षर जोड़ें** आप हस्ताक्षर जोड़ सकते हैं.
- ▶ **नंबर डालें** संदेश के लिए नंबर डालें.

2.1.3 मल्टीमीडिया संदेश लिखें

– आप एक मूवी के लिए अपने संदेश के साथ चित्र और ध्वनि शामिल कर सकते हैं.
– ई–मेल ID और फोन नंबर पर भेजें.
– प्रत्येक संदेश में 1000 तक अक्षर, एक चित्र और एक ध्वनि सपोर्ट करता है.

सूची

इसमे 8 वैकल्पिक सूचियाँ भेजें, चित्र/मूवी शामिल करें, ध्वनि शामिल करें, टेम्प्लेट्स, पूर्व दर्शन, सुरक्षित, चित्र/मूवी हटायें और ध्वनि बंद करें हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 1 **लिखें** चुनें.
3. 3 **मल्टीमीडिया संदेश लिखें** चुनें.
4. भेजें चुनकर भेजा जाने वाला संदेश लिखने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.
   - ▶ **भेजें** — संदेश भेजने के लिए उपयोग करें.
   - ▶ **चित्र/मूवी डालें** — मल्टीमीडिया संदेश संपादन के लिये चित्र शामिल करें.
   - ▶ **ध्वनि शामिल करें** — मल्टीमीडिया संदेश संपादन के लिये ध्वनि शामिल करें.
   - ▶ **नंबर डालें** — संदेश के लिए नंबर डालें.
   - ▶ **टेम्प्लेट्स** — कोई नमूने का संदेश चुनें.
   - ▶ **पूर्व दर्शन** — तैयार किया मल्टीमीडिया संदेश देखें
   - ▶ **सुरक्षित** — संदेश ड्राफ्ट्स में सुरक्षित करें.
   - ▶ **चित्र/मूवी मिटाएँ** — तैयार किया मल्टीमीडिया संदेश से चित्र मिटाएँ.
   - ▶ **ध्वनि मिटाएँ** — तैयार किया मल्टीमीडिया संदेश से ध्वनि मिटाएँ

   यहाँ अंतिम, नाम, नंबर, और MMS ग्रुप्स की चार वैकल्पिक सूचियाँ हैं.
   - ▶ **भेजें** — संदेश भेजने के लिए उपयोग करें.
   - ▶ **अंतिम** — अभी भेजा हुआ नंबर चुनें.
   - ▶ **नाम खोजें** — फोन बुक प्रविष्टि में से चुनें.
   - ▶ MMS **ग्रुप** — कोई MMS ग्रुप्स चुनें.
5. संदेश भेजने के लिए फोन नंबर या ई–मेल पता लिखने के बाद, दबाकर अगले प्राप्तकर्ता का पता दर्ज करें. आप 10 प्राप्तकर्ता जोड़ सकते हैं. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.
   - ▶ **भेजें** — संदेश भेजने के लिए उपयोग करें.
   - ▶ **डोमेन्स** — कोई डोमेन चुनें.
   - ▶ **भेजा** MMS **सुरक्षित करें** — आप संदेश सुरक्षित करना चाहते हैं या नहीं का विकल्प चुनें.
6. अगर आप भेजें चुनते हैं तो, आपको सुचना दी जायेगी कि संदेश दूसरे पक्ष को सफलतापूर्वक भेज दिया या है या नहीं.

2.1.4 संदेश Chat

संदेश Chat आपके संदेश भेजने के अनुभव को और बढ़ाता है. यह साधारण शब्द संदेश की तरह ही इस्तेमाल होता है. जैसेकि, प्रत्येक Chat संदेश MSN मैसेजंर की तरह एक ही स्क्रीन में दिखता है. Chat के दौरान, कोई भी भेजा गया या प्राप्त संदेश इनबॉक्स या आउटबॉक्स में सुरक्षित नहीं होता है. परन्तु अंतिम Chat की सभी सामग्री आपकी सुविधा के लिये सुरक्षित होती है.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 1 **लिखें** चुनें.
3. 4 **संदेश** Chat चुनें.
4. दूसरी पार्टी का मोबाइल नंबर और अपना Chat का नाम लिखें और फिर दबाएँ.
5. अपना संदेश टाइप करें और भेजने के लिये दबाएँ.
6. सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ.

▶ **भेजें**	बैंज संदेश भेजें
▶ **टेम्प्लेट**	मौजुद टेम्प्लेट में से संदेश चुनें
▶ **Chat नाम बदलें**	अपना Chat का नाम बदलें
▶ **प्राप्तकर्ता बदलें**	प्राप्तकर्ता बदलने के लिये नंबर बदलें
▶ **एक/दो लाईन संपादन**	संपादन मोड एक या दो लाईनों में से चुनें
▶ **स्क्रॉल मोड**	स्क्रॉल मोड चुनें
▶ **निकलें**	Chat संदेश से बाहर निकलें

2.2 इनबॉक्स

प्राप्त शब्द संदेश, पेज, ई–मेल संदेश, भेज दिया गया, सूचियाँ खोजी जा सकती हैं और सामग्री देखी जा सकती है. प्राप्त संदेश, अति आवश्यक संदेश, अपठित संदेश और पढ़े हुए संदेशों में छाँटे जा सकते हैं. इसमें 30 संदेश सुरक्षित किए जा सकते हैं.

MMS इनबॉक्स में अधिकतम 80 MMS और 50 अधिसूचना संदेश सुरक्षित किए जा सकते हैं.

प्राप्त संदेशों की सूची देखने के लिए.

2.2.1 SMS इनबॉक्स

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 2 **इनबॉक्स** चुनें.
3. 1 SMS **इनबॉक्स** चुनें.
   - ▶ संदेश नहीं पढ़े हुए/पढ़े के क्रम में सुरक्षित किए जाते हैं. उदाहरण के लिए, यदि कोई नया संदेश पढ़ लिया जाता है तो यह पढ़े संदेशों में चला जाता हैं.

: नहीं पढ़े हुए एसएमएस

: नहीं पढ़े हुए ई–मेल

: पढ़े हुए एसएमएस : पढ़े हुए ई–मेल

4. से इच्छित संदेश चुनने के बाद या सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और देखें चुनें.
   - ▶ **देखें** आप चुना हुआ संदेश पढ़ सकते हैं.
   - ▶ **मिटाएँ** SMS इनबॉक्स से चयनित संदेश हटाएँ.
5. संदेश देखने के बाद सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** या सॉफ्ट बटन 2 **जवाब** दबाएँ.
   - ▶ **जवाब** इस फंक्शन से आप इस संदेश का उत्तर दे सकते हैं.
   - ▶ **मिटाएँ** SMS इनबॉक्स से चयनित संदेश मिटाता है.
   - ▶ **संदेश** Chat आप दूसरो के साथ Chat कर सकते हैं.
   - ▶ **फॉरवर्ड** किसी प्राप्त संदेश को दूसरों को फॉरवर्ड करता है. प्राप्तकर्ता लिखें जाने के बाद संदेश फॉरवर्ड किए जा सकते हैं.
   - ▶ **संग्रह को** चयनित संदेश को SMS इनबॉक्स से संग्रह में ले जाता है.
   - ▶ **पता सुरक्षित** प्रेषक के नंबर या ई–मेल पते या प्राप्त संदेश में शामिल अन्य नंबरों को आपकी फोन बुक में सुरक्षित करता है. जब प्राप्त नंबर जानकारी प्रदर्शित की जाती है, तो उपयोगकर्ता फोन बुक में संबंधित नंबर सूची में नंबर संग्रहीत कर सकता हैं.
   - ▶ **आरक्षित कॉल** आरक्षित कॉल सेट करें.
   - ▶ **उत्तर और कॉपी** आप उत्तर में प्राप्त संदेश के साथ अपना जवाब जोड़ सकते हैं.
   - ▶ **टेम्पलेट में जोड़ें** आप प्राप्त संदेश को टेम्प्लेट से जोड़ कर सुरक्षित कर सकते हैं.

2.2.2 MMS इनबॉक्स

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 2 **इनबॉक्स** चुनें.
3. 2 MMS **इनबॉक्स** चुनें.
4. से इच्छित संदेश चुनने के बाद या सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और देखें **चुनें**.
   - ▶ **देखें** आप चुना हुआ संदेश पढ़ सकते हैं.
   - ▶ **मिटाएँ** MMS इनबॉक्स से चयनित संदेश हटाएँ.

   या सॉफ्ट बटन 2 **कनेक्ट** या **जवाब** चुनें.
   - ▶ **कनेक्ट** आप चुना हुये संदेश को कनेक्ट कर सकते हैं.

▶ **जवाब** इस फंक्शन से आप इस संदेश का उत्तर दे सकते हैं.

5. संदेश देखने के बाद डाउनलोड करने के लिये सॉफ्ट बटन 1 **कनेक्ट** दबाएँ.

2.3 1234 सर्विसेस

एसएमएस के द्वारा उपलब्ध सर्विस जैसे न्यूज, जोक्स, भविष्यफल आदि भी रिलायंस के सभी उपभोक्ताओं को उपलब्ध है. 1234 सर्विसेस पर संदेश भेज कर आप कई विषयों पर आकर्षक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. इसके लिये उपभोक्ता को इस सेवा से संबधित सूची चुननी होगी.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2abc या ⬆ दबाएँ.
2. 3def **1234 सर्विसेस** चुनें.
3. कर्सर को इच्छित आइटम पर ले जाएं जिसे आप देखना चाहते है, और सॉफ्ट बटन 1 **चुन** ओके दबाएँ. आप इन 11 विकल्पों में से चुन सकते है (1. समाचार 2. क्रिकेट 3. आज का जोक 4. आज का विचार 5. प्रतियोगिता 6. ब्यूटी टिप्स 7. स्वस्थ्य 8. भविष्यफल 9. बिल की जानकारी 0. अनबिल की जानकारी *. सहायता) आप इच्छित आइटम से संबधित बटन दबाकर भी विकल्प चुन सकते हैं.

उदाहरण

उदाहरण के लिये, आप फोन में निम्नलिखित प्रकार से "sports news" प्राप्त कर सकते हैं;

1. सूची + 2(संदेश) + 3(1234 सर्विसेस) + 1(समाचार) + 6(NEWS SPORTS) दबाएँ.
2. प्रदर्शन : भेज रहा.. को : 1234

2.4 आउटबॉक्स

SMS आउटबॉक्स में भेजे हुए 15 और नहीं भेजे हुए 15 संदेश तक संग्रहीत किये जा सकते हैं. MMS आउटबॉक्स में 50 भेजे गए और 50 नहीं भेजे गए संदेश सुरक्षित कर सकते हैं. उपयोगकर्ता इस सूची में भेजे हुए या नहीं भेजे हुए संदेशों की सूची और सामग्री देख सकते हैं. आउटबॉक्स में कोई संदेश सुरक्षित करने के लिए 'संदेश सेटिंग्स' में 'भेजे गए सुरक्षित' चयनित होना चाहिए.

2.4.1 SMS आउटबॉक्स

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2abc या ⬆ दबाएँ.
2. 4ghi **आउटबॉक्स** चुनें.
3. 1 SMS **आउटबॉक्स** चुनें.
4. 1 **भेजे हुए** या 2abc **नहीं भेजे हुए** चुनें.
5. ⬆⬇ से इच्छित संदेश चुनने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **देखें/मिटाएँ** चुनें. सॉफ्ट बटन 2 **फॉरवर्ड** या **पुनः भेजें** दबाएँ.

- ▶ **देखें** हाल में सुरक्षित किया गया संदेश दिखाता है. देखें सूची में दो उपसूचियाँ मिटाएँ और फॉरवर्ड होती हैं.
- ▶ **मिटाएँ** आउटबॉक्स में चयनित संदेश मिटाएँ.
- ▶ **फॉरवर्ड** आप प्राप्त संदेश संशोधित कर सकते हैं. फिर लिखें प्रक्रिया का अनुसरण करें.
- ▶ **पुनः भेजें** संदेश पुनः भेजने के लिए उपयोग करें.

2.4.2 MMS आउटबॉक्स

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 4 **आउटबॉक्स** चुनें.
3. 2 MMS **आउटबॉक्स** चुनें.
4. 1 **भेजे हुए** या 2 **नहीं भेजे हुए** चुनें.
5. से इच्छित संदेश चुनने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **देखें/मिटाएँ** चुनें. सॉफ्ट बटन 2 **फॉरवर्ड** या **पुनः भेजें** दबाएँ.
   - ▶ **देखें** हाल में सुरक्षित किया गया संदेश दिखाता है. देखें सूची में दो उपसूचियाँ मिटाएँ और फॉरवर्ड होती हैं.
   - ▶ **फॉरवर्ड** आप प्राप्त संदेश संशोधित कर सकते हैं. फिर लिखें प्रक्रिया का अनुसरण करें (पृष्ठ 32 देखें.)
   - ▶ **लॉक/लॉक खोलें** संदेश स्वतः मिटाना निस्क्रिय करता है.
   - ▶ **मिटाएँ** आउटबॉक्स में चयनित संदेश मिटाएँ.

2.5 वॉइस मेल

इससे आप वॉइस मेल बॉक्स में रिकॉर्ड किया गया नया वॉइस संदेश देख सकते हैं. जब आप संग्रह सीमा से बाहर निकल जाते हैं, तो पुराने संदेश अधिलेखन कर दिए जाते हैं. आपके फोन में कोई नया वॉइस संदेश आने पर आपको सूचना दी जाएगी.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 5 **वॉइस मेल** चुनें.
   - ▶ जानकारी मिटाने के लिए सॉफ्ट बटन 2 **मिटाएँ** चुनें. सुनने के लिये सॉफ्ट बटन 1 **सुनें** दबाएँ.

यदि किसी कॉल का जवाब देते समय कोई नया संदेश आता है, तो प्रेषक का नंबर स्क्रीन पर दिखाया जाएगा.

2.6 UIM में संग्रह

प्राप्त संदेशों को अलग फोल्डर जो कि UIM कॉर्ड में है, में संग्रहीत कर सकते हैं. संग्रह की संख्या UIM कॉर्ड पर निर्भर करती है.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 2 या दबाएँ.
2. 6 UIM **में संग्रह** चुनें.
3. से इच्छित संदेश चुनने के बाद, सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ और **देखें/मिटाएँ** चुनें. सॉफ्ट बटन 2 **जवाब** दबाएँ.
आप कॉल अस्वीकृत किये जाने पर भेजा जाने वाला अपना संदेश लिख सकते हैं.

9.2.0 अंतर्राष्ट्रीय कॉल प्रेफिक्स

आपको अंतर्राष्ट्रीय कॉल प्रेफिक्स सेट करने देता है.

▶ अन्तर्राष्ट्रीय कॉल प्रेफिक्स डालने के बाद सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.

9.2.* सहायता

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

9.3 फोन

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 9 wxyz, 3 def दबाएँ.

9.3.1 बटन रक्षक

इससे आप फोन के बटन पैड की सुरक्षा कर सकते हैं, ताकि गलती से कोई नंबर डायल न हो. जब यह फंक्शन सक्रिय होता है तो काई कॉल नहीं किया जा सकता और सूची लॉक हो जाती हैं. जब बटन पैड लॉक होता है तो कॉल प्राप्त करना सामान्य रुप से संभव होता है.

▶ **समर्थ** या **असमर्थ** चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ. अगर समर्थ चुनते हैं तो, इच्छित समय डालें. बटन पैड सेट किये गये समय पर स्वतः लॉक हो जायेगा.

तत्काल समर्थ करने के लिए : 0 next बटन दो सेकंड तक दबाए रखें.

तत्काल असमर्थ करने के लिए : प्रक्रिय दोहराएँ.

नोट कॉल समाप्त होने के लगभग 2–3 सेकेण्ड्स बाद बटन पैड लॉक हो जाएगा.
इनकमिंग कॉल के पहले बटन पैड समर्थ होने पर, बटन पैड लॉक कॉल के बाद भी सक्रिय रहता है.

9.3.2 एयर प्लेन मोड

जब आपका फोन एयर प्लेन मोड में होता है, तब इससे न तो कोई कॉल किया जा सकता है न प्राप्त किया जा सकता है और न ही ऑनलाइन जानकारी तक पहुँचा जा सकता है. आप फोन की अन्य सुविधाओं जैसे गेम, आर्गनाइज़र, मेमो आदि का उपयोग कर सकते हैं. एयर प्लेन मोड सक्षम होने पर, स्क्रीन पर ''एयर प्लेन मोड'' संदेश प्रदर्शित होता है.

▶ **ऑन** या **ऑफ** चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

9.3.3 डेटा सेटिंग्स

9.3.3.1 डेटा इन

डेटा सेटिंग्स में आप हाई स्पीड डेटा सेवाओं जैसे इंटरनेट ब्राउज करने या अन्य डायल–अप नेटवर्किंग फंक्शन का उपयोग करने के लिए अपने फोन को वायरलेस मॉडेम के रुप में उपयोग कर सकते हैं. वायरलेस फोन नेटवर्क पर 153.6 केबीपीएस की अधिकतम डेटा गति को सपोर्ट करता हैं. आपके कनेक्शन की गति नेटवर्क की व्यस्तता, संकेत की शक्ति और अपरिवर्तनीय कारकों पर निर्भर करती है.

▶ **ऑन :** इस सेटिंग से उपभोक्ता डेटा कॉल प्राप्त कर सकता है.

▶ **ऑफ**

नोट फोन को मॉडेम के रुप में उपयोग करने के लिए अपको डेटा किट खरीदनी होगी. डेटा किट में उपयुक्त केबल होती हैं. जिसमें फोन को पीसी से जोड़ने के लिए USB इंटरफेस होता है. अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें.

9.3.3.2 डेटा बॉड

इस सेटिंग्स से उपभोक्ता टर्मिनल पर बॉड रेट सेट कर सकता है.

▶ डेटा बॉड सेट 19,200 / 115,200 / 230,400 / USB
यह पूर्वनियत रुप से USB पर सेट होता है. यदि आप फोन पर यह सेटिंग बदलते हैं तो सुनिश्चित कर लें कि पीसी बॉड रेट भी उसके अनुसार बदला गया है.

नोट वायरलेस फोन PC/PDA के साथ ठीक तरह से तभी काम करेगा जब दोनों PC की सीरियल पोर्ट सेटिंग्स फोन पर सेट बॉड रेट के समान होगी.

9.3.4 सर्विस सचेतक

सर्विस के बदलने पर आपको सूचित करता है.

▶ **ऑन** या **ऑफ** चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

9.3.5 वर्शन

S/W, PRL और H/W वर्शन देखें.

9.3.6 सहायता

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

9.4 सुरक्षा

यह आपके फोन को अनाधिकृत उपयोग से सुरक्षित रखता है.

नोट आपके फोन का पूर्वनियत लॉक कोड/पासवर्ड **0000** है.

9.4.1 पिन कोड निवेदन

जब ऑन सक्रिय करते हैं, तो फोन कॉर्ड–होल्डर सत्यापन के लिये पिन कोड निवेदन करता है. UIM कॉर्ड द्वारा उपलब्ध कराया जाता है.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 9 wxyz, 4 ghi, 1 दबाएँ.
2. चार अंको का लॉक कोड डालें.
3. से **ऑन/ऑफ** चुनें और दबाएँ.
4. **ऑन** चुनने के पश्चात, 4–8 वर्णो का पिन नंबर डालें और दबाएँ.

▶ अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें.

9.4.2 लॉक मोड

यह आपके फोन को अनाधिकृत उपयोग से सुरक्षित रखता है. एक बार फोन लॉक हो जाने पर यह तब तक प्रतिबंधित मोड में होता है, जब तक लॉक कोड नहीं लिखा जाता. इसमे आप फोन कॉल प्राप्त कर सकते हैं और आपातकालीन कॉल भी कर सकते हैं. आपके फोन का पूर्वनियत लॉक कोड/पासवर्ड 0000 है. यदि आपको लॉक कोड बदलना है तो आप इसे सुरक्षा सेट सूची में लॉक कोड बदलें से बदल सकते हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 9 wxyz, 4 ghi, 2 abc दबाएँ.
2. चार अंकों का लॉक कोड लिखें.
3. कोई विकल्प चुनें और सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

▶ **ऑफ** का अर्थ है कि फोन अभी तक लॉक नहीं किया गया है. लॉक होने पर, आप आने वाला कॉल प्राप्त कर सकते हैं या केवल आपातकालीन कॉल कर सकते हैं.

▶ **अभी** का अर्थ है कि फोन तुरंत लॉक हो जाता है.

▶ **पावर चालू होने पर** का अर्थ है कि जब फोन चालू किया जाता है, तब फोन लॉक हो जाता हैं.

9.4.3 आपतकालीन नंबर

आपका फोन लॉक अथवा प्रतिबंधित होने पर भी आप 100, 101, 102 नंबरो पर कॉल कर सकते हैं.
आपातकालीन नंबर लिखने के लिए,

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 9, 4, 3 दबाएँ.
2. चार अंकों का लॉक कोड लिखें.
3. सॉफ्ट बटन 1 **संपादन** दबाएँ.
4. आपातकालीन नंबर लिखें.
5. सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.

9.4.4 कोड बदले

9.4.4.1 फोन लॉक कोडं

नए लॉक कोड से आप एक नया चार अंकों का लॉक कोड नंबर लिख सकते हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 9, 4, 4, 1 दबाएँ.
2. चार अंकों का लॉक कोड लिखें.
3. नया लॉक कोड लिखें (चार–अंक).
4. पुष्टि के लिए यह आपको नया लॉक कोड फिर से लिखने के लिए कहेगा.

9.4.4.2 पिन कोड

पिन कोड बदले फंक्शन से पिन नंबर बदल सकते हैं, जो कि कॉर्ड में सुरक्षित होता है. पहले पिन कोड निवेदन ऑन चुनें और, अगर सही पिन नंबर डालते हैं, तो नया पासवर्ड दो बार डालना पड़ता है. अगर दो बार डाला गया पासवर्ड आपस में मेल नहीं खाता है, तो एक संदेश सूचित करता है और फिर नया पासवर्ड दूबारा डालना पड़ता है. शुरुआती पिन नंबर भिन्न हो सकता है जो कॉर्ड निर्माता पर निर्भर करता है.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 9, 4, 4, 2 दबाएँ.
2. 4–8 अंक का लॉक कोड लिखें और ● दबाएँ.
3. नया पिन कोड डाल (4–8 अंक) और ● दबाएँ.
4. पिन कोड दूबारा डालें और ● दबाएँ.

9.4.5 मेमोरी मिटाएँ

यह फोन बुक और UIM कॉर्ड में सुरक्षित सभी जानकारियाँ मिटाएँ.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 9, 4, 5 दबाएँ.
2. चार अंकों का लॉक कोड लिखें.
3. 1 **सभी नाम** या 2 **सभी डेटा** चुनें.
4. मेमोरी खाली हो जाने फोन पूर्वनियत सेटिंग पर आ जायेगा.

9.4.6 पूर्वनियत पर सेट करें

आप कुछ सूची सेटिंग्स को उनके वास्तविक मान पर पुनः सेट कर सकते हैं. जब पूर्वनियत पर सेट करें चुना जाता है, तो फोन बुक को छोड़ कर सभी सेटिंग्स रीसेट हो जाती हैं.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची**, 9 wxyz, 4 ghi, 6 mno दबाएँ.
2. चार अंकों का लॉक कोड लिखें.
3. से **हाँ** चुनें.
4. सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** दबाएँ.

9.4.7 सहायता

आप इस सूची के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.

कॉल मेमो में

(कॉल के दौरान : सूची 1)

इससे आप कॉल के दौरान अन्य व्यक्ति द्वारा दिया जाने वाला फोन नंबर नोट कर सकते हैं. ये नंबर कॉल विवरण में सुरक्षित होते हैं. अधिकतम 32 नंबर तक सुरक्षित किये जा सकते हैं.

1. कॉल के दौरान सॉफ्ट बटन 1 दबाएँ.
2. 1 **कॉल मेमो में** दबाएँ.
3. फोन नंबर डालें और सॉफ्ट बटन 1 **सुरक्षित** दबाएँ.

नोट

"हेडसेट इस्तेमाल/फोन इस्तेमाल" सूची कॉल के दौरान फोन और Bluetooth के बीच वॉयस का अदान प्रदान करने के लिये इस्तेमाल होती है.

- जब Bluetooth हेडसेट/हैंड्सफ्री फोन से जुड़ा होता है, तो सूची 1 "हेडसेट इस्तेमाल/फोन इस्तेमाल" प्रदर्शित करती है.
- Bluetooth डिवायस द्वारा कॉल लगाये जाने पर, सूची 1 फोन इस्तेमाल करता है.
- Send बटन द्वारा कॉल लगाये जाने पर, सूची 1 हेडसेट इस्तेमाल करता है.

मौन/मौन नहीं

(कॉल के दौरान : सूची 2)

यह फंक्शन आपके फोन का माइक्रोफोन लॉक कर देता है और दूसरे व्यक्ति तक आपकी आवाज़ नहीं पहुँचने देता.

- **मौन फंक्शन सक्रिय करने के लिये:**

1. कॉल के दौरान सॉफ्ट बटन 1 दबाएँ.
2. 2 **मौन** दबाएँ.

- **मौन फंक्शन निष्क्रिय करने के लिये:**

1. पहले जैसा दोहरायें.

वॉइस प्राइवेसी ऑन/ऑफ

(कॉल के दौरान : सूची 3)

CDMA कॉल्स के लिये मानक या बढ़ा हुआ के रुप में प्राइवेसी सुविधा सेट करें. CDMA में वॉइस प्राइवेसी सुविधा है.

वॉयस मेमो में

(कॉल के दौरान : सूची 4)
इससे आप कॉल के दौरान की बातचीत रिकॉर्ड कर सकते हैं. रिकॉर्डिंग के दौरान, फोन काउंटडाउन समयक प्रदर्शित करता हैं जिससे पता चलता है कि रिकॉर्डिंग का कितना समय बचा है.

नोट वॉइस मेमो रिकॉर्ड की क्षमता 2 घंटे और कॉल वॉइस रिकॉर्ड मेमो की क्षमता 30 मिनट है.

स्पीकर मोड ऑन

(कॉल के दौरान : सॉफ्ट)
कॉल के दौरान स्पीकर ऑन मोड को तुरंत सक्रिय या रद्द करने के लिए, दबाएँ.

इयरपीस/स्पीकर वॉल्यूम

कॉल के दौरान से इयरपीस/स्पीकर वॉल्यूम समायोजित करें.

आपके मोबाईल फोन के लिए कई प्रकार के सहायक उपकरण उपलब्ध है. इनकी उपलब्धता के बारे में अपने स्थानीय वितरक से संपर्क करें.

ट्रेवल चार्जर

यह एडॉप्टर मॉडल बैटरी चार्ज करता है. यह AC 100-240 वोल्ट, 50-60 हट्र्ज़ आउटलेट्स का समर्थन करता है.

Micro SD कॉर्ड

RD6250 के साइड में मेमोरी कॉर्ड लगाने की सुविधा है.
आप इस कॉर्ड को चित्र, वीडियो, MP3, वॉयस इत्यादि सुरक्षित करने के लिए प्रयोग कर सकते है.

हेडसेट

इसे आप फोन से कनेक्ट करके, हाथ लगाए बिना फोन का संचालन कर सकते हैं. इसमे इयरपीस, माइक्रोफोन और मेकित कॉल उत्तर/समाप्त बटन शामिल हैं.

USB डेटा केबल (बिना चार्जिंग वाली)

अपने फोन को अपने पीसी से कनेक्ट करें. (LG-USB5200)

सामान्य प्रश्न

प्र : मैं डायल किये हुए, प्राप्त हुए और छुटी हुई कॉल्स की सूची कैसे देख सकता हूँ?

उ : दबाएँ.

प्र : मैं कॉल विवरण कैसे मिटा सकता हूँ?

उ : दबाएँ → सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ → **मिटाएँ** या **सभी मिटाएँ** दबाएँ → दबाएँ. → **हाँ** चुनें → दबाएँ.

प्र : मै मेमोरी में संग्रहीत सभी नंबर कैसे देख सकता हूँ?

उ : सॉफ्ट बटन 2 **खोजें** दबाएँ.

प्र : मै टाईम मैनेजर में कितने कार्य जोड़ सकता हूँ?

उ : कुल 160 कार्य.

प्र : मै टाईम मैनेजर में संग्रहीत सभी पिछले कार्यक्रम कैसे साफ कर सकता हूँ?

उ : सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ → 7 **निर्धारक/टूल्स** → 3 **टाईम मैनेजर** → 1 **टाईम मैनेजर** → सॉफ्ट बटन 1 **विकल्प** दबाएँ → 2 **तिथि को मिटाएँ** → **एक सप्ताह/एक महीना/एक दिन** चुनें → दबाएँ.

प्र : मै कितने शीघ्र डायल नंबर संग्रहीत कर सकता हूँ?

उ : कुल 99 नंबर.

प्र : मै कोई शब्द संदेश कैसे भेज सकता हूँ?

उ : दबाएँ → 1 **लिखें**. → 1 **शब्द लिखें** .

प्र : मै कॉल समयक कैसे साफ कर सकता हूँ?(मासिक समय रीसेट).

उ : सॉफ्ट बटन 1 **सूची** दबाएँ → 3 **कॉल विवरण** → 5 **कॉल अवधि** → 4 **कॉल अवधि पुनः सेट करें** → **हाँ** चुनें → दबाएँ.

प्र : मै अपना लॉक कोड कैसे पता कर सकता हूँ?

उ : आपके फोन का पूर्वनियत लॉक कोड/पासवर्ड **0000** है.

प्र : इसमें कितने ग्रुप होते हैं?

उ : ग्रुप्स में कोई ग्रुप नहीं / Business / Personal / Family / Friends / Workgroup / VIP / School / Club होते हैं. आप ग्रुप का नाम शीर्षक संपादित कर सकते हैं. शीर्षक '**कोई ग्रुप नहीं**' बदला नहीं जा सकता.

1. सॉफ्ट बटन 1 **सूची** → 1 **नाम** → 3 **ग्रुपस** और दबा कर ग्रुप चुनें.
2. सॉफ्ट बटन 2 **संपादन** चुनें.

प्र : क्या ग्रुप SMS संभव हैं?

उ : आप एक साथ 10 नंबरों को संदेश भेज सकते हैं. प्रत्येक नंबर अलग–अलग चुना या लिखा जाना चाहिये. 5 संदेश ग्रुप्स होते है एवं हर समूह में अधिकतम 10 सदस्य हो सकते हैं.

प्र : क्या ग्रुप ई–मेल संभव हैं?

उ : आप एक साथ 10 नंबरों को संदेश भेज सकते हैं. प्रत्येक नंबर अलग–अलग चुना या लिखा जाना चाहिये. 5 ई–मेल ग्रुप्स होते है एवं हर समूह में अधिकतम 10 सदस्य हो सकते हैं.

प्र : SMS/ई–मेल एक से ज्यादा प्राप्तकर्ताओं को कैसे भेज सकते हैं?

उ : संदेश लिखने के बाद, विकल्प से SMS/ई–मेल ग्रुप्स चुनें. आप इसमें 10 प्राप्तकर्ता जोड़ सकतें हैं.

प्र : मैं MMS कैसे भेज सकते हैं?

उ : मल्टीमीडिया संदेश लिखने के बाद, विकल्प से चित्र शामिल करें/ध्वनि शामिल करें चुनें. फोन में 30 MMS/50 MMS अधिसूचना संग्रहित हो सकती हैं.

प्र : ● बटन की क्या उपयोगिता हैं?

उ : ● बटन सॉफ्ट बटन 1 के चुनें विकल्प से संबन्धित होने की स्थिति में सॉफ्ट बटन 1 **चुनें** का काम करता हैं.

● बटन सॉफ्ट बटन 1 के विकल्प से संबन्धित होने की स्थिति में सॉफ्ट बटन + पॉपअप सूची में पहला **विकल्प** चुननें का काम करता हैं.

● बटन का उपयोग कॉल के दौरान स्पीकर ऑन/ऑफ करने के लिये किया जाता हैं.

प्र : स्पीकर को कॉल के दौरान सक्रिय करने और आइडल मोड में सक्रिय करने में क्या अंतर हैं?

उ : यदि उपयोगकर्ता स्पीकर ऑन को हमेशा पूर्वनियत के रुप में उपयोग करना चाहता हैं, तो स्पीकर मोड को लंबे समय के लिये ● बटन दबा कर सक्षम किया जाना चाहिये. अगर उपभोक्ता स्पीकर अल्प काल के लिये ईस्तेमाल करना चाहता है, तो ● बटन दबाकर स्पीकर सक्रिय किया जा सकता है. उपभोक्ता ● बटन को दोबारा दबाकर स्पीकर ऑफ कर सकता है.

प्र : एयर प्लेन मोड क्या हैं?

उ : जब आपका फोन एयर प्लेन मोड में होता है, तब इससे न तो कोई कॉल किया जा सकता है न प्राप्त किया जा सकता है और न ही ऑनलाइन जानकारी तक पहुँचा जा सकता है.

प्र : एलएमएस कैसे उपयोग करें?

उ : एलएमएस संदेश की नई सुविधा से, अब उपयोगकर्ता एक बार में 460 अक्षरों तक का कोई संदेश लिख सकता हैं. एलएमएस संदेश भेजने के लिये, संदेश संपादक में 160 से ज्यादा अक्षरो तक का संदेश लिखें. संदेश संपादक का शीर्षक बदल कर 'लिखें LMS (XXX)' हो जाता है जो शेष अक्षरों की संख्या बताता है. भेजें विकल्प चुननें पर, कुल बने खंड प्रदर्शित किये जाते हैं और उपयोगकर्ता से पुष्टि करायी जाती है. उपयोगकर्ता जारी रखने या रद्द करने का विकल्प चुन सकता है. हर खंड नेटवर्क पर साधारण एसएमएस के रुप में भेजा जाता है. संदेश प्राप्त होने की पुष्टि होने पर संदेश आउटबॉक्स में संग्रहित होते हैं. प्रत्येक एलएमएस पैकेट एक एकल संदेश के रुप में प्राप्त किया जाता है. प्रत्येक एलएमएस संदेश संदेश में पैकेट के क्रम की संख्या दर्शाता है, जैसे 3 पैकेट होने पर, <1/3>, <2/3>, <3/3>.

प्र : क्या ग्रुप MMS संभव है ?

उ : एमएमएस ग्रुप्स को एमएमएस भेजने के लिये, सॉफ्ट बटन 1 **सूची** → 2 **संदेश** → 9 **संदेश ग्रुप्स** → **स** 3 **MMS ग्रुप्स** दबाएँ. सॉफ्ट बटन 2 **भेजें** दबाने के बाद, संदेश लिखें और .
दबाएँ. **विकल्प** में, से **भेजें**.

प्र : एसएमएस से ई–मेल और ई–मेल से एसएमएस कैसे भेजें ?

उ : एसएमएस से ई–मेल भेजने के लिये : **संदेश** → **लिखें** → **ई–मेल लिखें** पर जाएँ. यह विकल्प चुनने के बाद एक ई–मेल संपादक प्रदर्शित होता है जहाँ आप ई–मेल आईडी लिख सकते हैं. अधिकतम 40 अक्षरों वाले 10 ई–मेल आईडी दर्ज किये जा सकते हैं. इस स्क्रीन से भेजें विकल्प चुनने पर विषय संपादक सक्षम होता है, यहाँ उपभोक्ता अधिकतम 20 अक्षरों तक दर्ज कर सकता है. विषय संपादक से अगला विकल्प चुनने पर, संदेश संपादक सक्षम होता है, यहाँ उपयागकर्ता X अक्षरों का संदेश लिख सकता है. (X=480– विषय का आकार–सूची में ईमेल आईडी का आकार–पैकेट जानकारी अक्षर). ई–मेल संदेश एलएमएस संदेश भी हो सकते हैं.

ई–मेल को एसएमएस पर प्राप्त करने के लिये: मोबाइल डिवाइस RD6250 पर रिलायंस द्वारा दी गयी ई–मेल आईडी पर ई–मेल भेजा जा सकता है. डिवाइस पर प्राप्त ई–मेल में विषय और संदेश का पाठ हो सकता है. प्राप्त ई–मेल के लिये इनबॉक्स सूची में अलग चिन्ह होगें.

ज्यादा जानकारी के लिये अपने सर्विस प्रदाता से संपर्क करें.

सर्विस के लिये कॉल करने से पहले

कृपया अपने फोन को सर्विस के लिये ले जाने या किसी सर्विस इंजीनियर को बुलाने से पहले देखें कि उसमें यहाँ उल्लेखित कोई समस्या तो नहीं है.

जब ऐसे लक्षण दिखाई दें :	तो यह जाँचें !
जब " " स्क्रीन से नहीं हटता है.	देखें कि क्या यह सर्विस एरिया है, और यदि आपको अभी भी " " दिखाई दे रहा हो, तो कृपया पावर बंद करें और लगभग 2 मिनट बाद इसे चालू करें यदि कोई बदलाव न दिखाई दे, किसी अन्य क्षेत्र में जाने के बाद जाँचें.
जब कनेक्शन लगातार न मिले या कुछ क्षेत्रों में आवाज सुनाई न दे.	जब कुछ क्षेत्रों में फ्रीक्वेंसी वातावरण अस्थिर होता है, तो कनेक्शन लगातार नहीं मिलता है और आवाज ठीक से सुनाई नहीं देती है. किसी अन्य क्षेत्र में जाने के बाद जाँचें.
जब कनेक्शन ठीक से नहीं मिल रहा हो या मिलने पर बीच में टूट रहा हो.	जब फ्रीक्वेंसी अस्थिर या कमजोर होती है, या जब उपयोगकर्ता अधिक होते हैं, तो स्थापित होने के बाद भी कनेक्शन कट सकता है, कृपया कुछ देर बाद प्रयास करें या किसी अन्य क्षेत्र में जाने के बाद जाँचें.
जब LCD चालू नहीं हो रही हो.	बैटरी निकालें और इसे फिर से लगा कर चालू करें. यदि तब भी स्थिति ना बदले, तो बैटरी को प्र्याप्त चार्ज करने के बाद चुनः प्रयास करें.
जब FM रेडियो चालू नहीं हो रही हो.	जाँच ले कि हेडसेट फोन से कनेक्ट है. हेडसेट को पूरी तरह से फोन में दबाएँ.

जब ऐसे लक्षण दिखाई दें :	तो यह जाँचें !
यदि किसी क्षेत्र में किसी टेलीफोन से कनेक्शन मिलने पर प्रतिध्वनि सुनाई देती है.	इसे "प्रतिध्वनि आभास" कहा जाता है, यह कनेक्शन वॉल्यूम बहुत ज्यादा दूसरी तरफ मशीन के विशेष गुणधर्मों के कारण हो सकता है. (सेमीइलेक्ट्रॉनिक टेलीफोन एक्सचेंज).
जब फोन गर्म हो जाये	यदि कनेक्शन लंबी अवधि के लिये स्थापित होता है, या गेम या इंटरनेट और अन्य चीजें लम्बी अवधि के लिये चलती हैं, तो फोन गर्म हो सकता है, इससे उत्पाद के जीवनकाल या प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है.
रिंग की आवाज नहीं सुनाई दे रही हो या केवल स्क्रीन लाइट या LCD चमकती हो.	रिंग प्रकार "मौन" या "लाइट" के रुप में सेट हो सकता है. कृपया "रिंग" चुनें.
बैटरी की स्टैंडबॉय अवधि धीरे – धीरे कम होती जाती है.	चूँकि बैटरी धीरे – धीरे खर्च होती है, इसलिये इसका जीवनकाल धीरे – धीरे कम होता जाता है. यदि इसका जीवनकाल खरीदे जाने के बाद से आधा रह गया हो, तो आपको नई बैटरी खरीदनी चाहिये.
जब बैटरी के उपयोग का समय कम हो जाता है.	यदि बैटरी के उपयोग का समय कम हो जाता है, तो यह उपयोगकर्ता के वातावरण, या अधिक कॉल्स , या कमजोर संकेतों के कारण हो सकता है.

टीआईए सुरक्षा जानकारी

वायरलेस हैंडहेल्ड फोन के लिए टीआईए की सुरक्षा संबंधी सारी जानकारी यहाँ दी गई है. सीटीआईए मान्यता के लिये ग्राहक दिशानिर्देश पुस्तिका में पेसमेकर, श्रवण यंत्र और अन्य चिकित्सकीय उपकरण संबंधी जानकारी शामिल करना आवश्यक होता है. उपयुक्त होने पर शेष टीआईए भाषाओं के उपयोग के लिये प्रोत्साहन दिया जाता है.

रेडियो धिक्वेंसी संकेतों का एक्सपोजर

आपका वायरलेस हैंडहेल्ड पोर्टेबल टेलीफोन एक कम शक्तिवाला रेडियो ट्रांसमीटर और रिसीवर है. चालू होने पर यहा रेडियो धिक्वेंसी घ्आरएफघ् संकेत प्राप्त करता और भेजता भी है.

अगस्त 1996 में फेडरल कम्युनिकेशन कमीशन घ्एफसीसीघ् ने हैंडहेल्ड वायरलेस फोन के लिए सुरक्षा स्तरों सहित आरएफ एक्सपोजर दिशानिर्देश अपनाए. वे दिशानिर्देश संयुक्त राज्य और अंतर्राष्ट्रीय मानक निकायों द्वारा निर्धारित पिछले सुरक्षा मानकों के अनुरुप है :

एएनएसआई सी 95.1 (1992)*
एनसीआरपी रिपोर्ट 86 (1986)
आईसीएनआईआरपी (1996)

ये मानक, प्रासंगिक वैज्ञानिक साहित्य के समग्र और समय–समय पर हुए मूल्यांकनों पर आधारित थे. उदाहरण के लिए एएनएसआई मानक घ्सी 95ण्1घ् बनाने के लिए विश्वविद्यालयों, सरकारी स्वास्थ्य एजेंसियों, और उद्योगों के 120 से अधिक वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और चिकित्सकों ने अनुसंधान की उपलब्ध जानकारी की समीक्षा की.

आपके फोन की डिजाईन एफसीसी दिशानिर्देश घ्और उन मानकोंघ् का पालन करती है.

एंटीना की देखभाल

बदलने के लिए केवल प्रदान किए गए या मान्यता प्राप्त एंटीना का ही उपयोग करें. अनधिकृत एंटीना, संशोधन या अनुलग्नकों के कारण फोन क्षतिग्रस्त हो सकता है और इससे एफसीसी नियमों का उल्लंघन हो सकता है.

फोन संचालन

सामान्य स्थिति : किसी अन्य टेलीफोन के समान ही इस फोन को पकडे, एंटीना ऊपर की ओर रहें और दूसरे इलेक्ट्रानिक उपकरण से कुछ दूरी पर हो.

कुशल संचालन की युक्तियाँ :

• अपने फोन को अधिक कुशलता से संचालित करने के लिए : जब फोन का उपयोग करना हो रहा हो तो अनावश्यक रुप से एंटीना न छूएँ. एंटीना छूने से कॉल की गुणवत्ता प्रभावित होती है और इससे आवश्यकता से अधिक ऊर्जा खर्च हो सकती है.

• अमेरिकन नेशनल स्टैंडर्ड्स इंस्टीट्यूट, नेशनल काउंसिल ऑन रेडिएशन प्रोटेक्शन एंड मेज़रमेंट, इंटरनेशनल कमीशन कॉन नॉनआयनाइजिंग रेडिएशन प्रोटेक्शन.

वाहन चालन

जिन क्षेत्रों में आप वाहन चला रहें हैं, उन क्षेत्रों के वायरलेस टेलीफोन के उपयोग संबंधी कानून और नियम देख लें. हमेशा पालन करें. साथ ही वाहन चलाते समय यदि आप अपने फोन का उपयोग कर रहें हैं, तो कृप्याः

- वाहन चलाने पर पूरा ध्यान दें – सुरक्षित वाहन चलाना आपकी पहली जिम्मेदारी है;
- यदि उपलब्ध हो, तो हैंड्स–फ्री ऑपरेशन का उपयोग करें;
- यदि आवश्यकता हो, तो सड़क से हटकर गाड़ी पार्क करने के बाद कॉल करें या उत्तर दें.

इलेक्ट्रॉनिक उपकरण

अधिकांश आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आरएफ संकेतों से सुरक्षित होते हैं. फिर भी संभव है, कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आपके वायरलेस फोन से निकलने वाले आरएफ संकेतों से सुरक्षित नहीं हों.

पेसमेकर्स

हेल्थ इंडस्ट्री मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन अनुशंसा करता है कि वायरलेस फोन और पेसमेकर के बीच कम से कम छह(6”) इंच की दूरी होनी चाहिए, ताकि पेसमेकर में संभावित अवरोध टाला जा सके. ये अनुशंसाएँ वायरलेस टेक्नोलॉजी रिसर्च के स्वतंत्र अनुसंधान और अनुशंसाओं के अनुरुप हैं.

पेसमेकर वाले व्यक्तिः

- फोन चालू करने पर अपने पेसमेकर और फोन के बीच हमेशा छह इंच से अधिक दूरी बनाए रखें;
- पेसमेकर के दूसरी तरफ के कान का उपयोग करें, ताकि संभावित अवरोध न्यूनतम हो सके.
- यदि किसी कारण आपको संदेह होता है कि अवरोध आ रहा है तो अपना फोन तुरंत बंद कर दें.

श्रवण यंत्र

कुछ डिजिटल वायरलेस फोन श्रवण यंत्रों के कार्य में अवरोध डाल सकतें है. ऐसा अवरोध आने पर आप विकल्पों की जानकारी प्राप्त करने के लिए स्ळ अधिकृत सर्विस सेंटर से संपर्क कर सकतें हैं. प्रत्येक फोन निर्माता के लिए वैकल्पिक.

अन्य चिकित्सकीय उपकरण

यदि आप किसी अन्य व्यक्तिगत चिकित्सकीय उपकरण का उपयोग करतें हैं, तो अपने उपकरण के निर्माता से परामर्श कर निर्धारित कर लें कि क्या वे बाहरी आरएफ ऊर्जा से पर्याप्त सुरक्षित हैं. यह जानकारी प्राप्त करने में आपका चिकित्सक आपकी सहायता कर सकता हैं.
स्वास्थ्य रक्षा से जुडे संस्थानों में निर्देष दिए जाने पर अपना फोन बंद कर दें। अस्पतालों या स्वास्थ्य रक्षा संस्थानों में ऐसे उपकरण हो सकते हैं जो बाहरी आरएफ ऊर्जा के प्रति संवेदनाशील होते हैं.

वाहन

आरएफ संकेत मोटर वाहनों में गलत ढंग से लगाए गए या अपर्याप्त सुरक्षित इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम्स को प्रभावित कर सकतें है. अपने वाहन के संबंध में निर्माता या उसके प्रतिनिधी से पुछताछ कर लें.
आपके वाहन में लगाए गए किसी अतिरिक्त उपकरण के निर्माताओं से आपको परामर्श करना चाहिए.

पोस्टेड सुविधाएँ

यदि कहीं पर आपका फोन बंद करने संबंधी सूचना लगी हो, तो उसका पालन करें.

विमान

एफसीसी नियमों के अनुसार विमान में यात्रा करतें समय फोन का उपयोग वर्जित है. विमान में चढ़ने से पहलें अपना फोन बंद कर दें.

विस्फोट क्षेत्र

विस्फोट कार्यो में अवरोध से बचनें के लिए "विस्फोट क्षेत्र" में या जहाँ : "दोतरफा रेडियो बंद रखें" की सूचना लगी हो, अपना फोन बंद रखें. सभी संकेतों और सुचनाओं का पालन करें..

संभावित विस्फोटक वातावरण

संभावित विस्फोटक क्षेत्र में होने पर अपना फोन बंद कर दें और सभी संकेतों और निर्देषों का पालन करें. ऐसे क्षेत्रों में चिंगारी उठने से भी विस्फोट हो सकता है या आग लग सकती है जिससे चोट लग सकती है या मृत्यु भी हो सकती है.

संभावित विस्फोटक क्षेत्र अक्सर, लेकिन हमेशा नहीं, स्पष्ट रुप सें चिह्नित होते हैं. संभावित क्षेत्रों में ये क्षेत्र शामिल हो सकते हैं : ईंधन (जैसे पेट्रोल पंप); बोट में डेक के नीचे; ईंधन या रसायन परिवहन या भंडारण गृह; तरल पेट्रोलियम गैस (जैसे प्रोपेन या ब्यूटेन) का उपयोग करने वाले वाहन; ऐसे क्षेत्र जहाँ हवा में रसायन या कण होतें हैं (जैसे दाने, धूल या धातु के पाउडर) और ऐसे क्षेत्र जहाँ आपको सामन्यतः अपने वाहन का इंजन बंद करने की सलाह दी जाती हैं.

एयरबैग वाले वाहनों के लिए

एरयबैग बहुत तेजी से फूलता हैं. स्थापित या पोर्टेबल वायरलेस उपकरण सहित कोई भी वस्तु एयरबैग के ऊपर के क्षेत्र या एयरबैग लगें क्षेत्र में न रखें. यदि वाहन में वायरलेस उपकरण गलत ढंग से लगा हो और एयरबैग फूलता है, तो गंभीर चोट लग सकती हैं.

सुरक्षा जानकारी

बिक्री के लिए और आपके फोन के सही इस्तेमाल के लिए और क्षति से बचने के लिए कृपया निम्न जानकारी पढ़ें और इसका पालन करें. साथ हीं, पढ़नें के बाद इस उपभोक्ता मार्गदर्शिका को हमेशा आसान पहुँच वाली जगह पर रखें.

⚠ चेतावनी **इन निर्देषों का पालन न किए जाने पर उत्पाद को मामूली या गंभीर क्षति पहुँच सकती हैं.**

चार्जर और एडाप्टर सुरक्षा

- चार्जर और एडाप्टर केवल इंडोर उपयोग के लिए हैं.

बैटरी की जानकारी और देखभाल

- कृपया बैटरी को ठीक से डिस्पोज़ करें.
- बैटरी को फिर से चार्ज करने के पहले उसका पूरी तरह डिस्चार्ज होना ज़रुरी नहीं हैं.
- केवल LG-द्वारा आपके फोन के मॉडल के लिए अधिकृत चार्जर का ही उपयोग करें जिनका उपयोग बैटरी की आयु बढ़ाता हैं.
- बैटरी को न तो खोलें न शॉर्ट – सर्किट करें.
- बैटरी के धातु के सिरों को साफ रखें.

- जब बैटरी का प्रदर्शन स्वीकार्य स्तर पर नहीं रहे तो इसे बदल दें. बदलने से पहले बैटरी को सैकडों बार रीचार्ज किया जा सकता हैं.
- बैटरी की आयु बढ़ाने के लिए लंबे समय तक उपयोग से बाहर रहने के बाद बैटरी को फिर से चार्ज करें.
- बैटरी का प्रदर्शन उपयोग के तरीकों और पर्यावरण की स्थितियों से प्रभावित के आधार पर अलग–अलग होगा.
- बढ़ी हुई स्क्रीन लाइट, मिनी ब्राउजर और डेटा कनेक्टिविटी किट्स बैटरी की आयु और टॉक/स्टैंडबाय टाइम को प्रभावित कर सकतें हैं.
- असामान्य स्थिति में संचालित किए जाने पर बैटरी की आंररिक सुरक्षा प्रणाली फोन का पावर ऑफ कर देती हैं. इस स्थिति में, बैटरी को फोन से निकालें, इसे फिर से लगाएँ और फोन को ऑन करें.

विस्फोट, झटका और आग

- फोन को बहुत ज़्यादा धुल भरी जगह पर न रखें और पावर कॉर्ड और ऊष्मा के स्रोत के बीच आवश्यक न्यूनतम दूरी रखें.
- फोन को साफ करने से पहले पावर कॉर्ड को प्लग से निकाल लें और गंदा होने पर पावर प्लग को साफ करें.
- पावर प्लग का उपयोग करते, समय सुनिश्चित करें की यह ठीक से कनेक्टेड हैं. यदि यह ठीक से कनेक्टेड नहीं है तो इससे बहुत ज़्यादा ऊष्मा पैदा हो सकती है और आग लग सकती है.
- यदि आप फोन के रिसेप्टेकल (पावर प्लग इन) को कवर किए बिना जेब में या किसी ऐसे बैग में रखते हैं जिसमें धातु की वस्तुएँ जैसे कोई सिक्के, पेपर क्लिप या पेन है तो फोन शॉर्ट – सर्किट हो सकता है. उपयोग में नहीं होने पर रिसेप्टेकल को हमेशा कवर करके रखें.
- बैटरी को शॉर्ट – सर्किट नहीं करें. आपकी जेब या बैग में रखी धातु की वस्तुएँ जैसे कोई सिक्का, पेपर क्लिप या पेन हिलाए जाने पर बैटरी के + या – टर्मिनल (बैटरी की धातु स्ट्रिप) को शॉर्ट – सर्किट कर सकती हैं. टर्मिनल का शॉर्ट – सर्किट बैटरी को नुकसान पहुँचा सकता है और इससे विस्फोट हो सकता है.

सामान्य नोटिस

- क्षतिग्रस्त बैटरी का उपयोग करने का बैटरी को मुँह में रखने से गंभीर चोट लग सकती है.
- चुंबकीय घटको वाली चीजें जैसे क्रेडिट कार्ड, फोन कार्ड, बैंक बुक, या सबवे टिकट को फोन के पास न रखें. फोन का चुंबकत्व इनकी चुंबकीय स्ट्रिप में संग्रहीत डेटा को नुकसान पहुँचा सकता है.
- फोन पर लंबे समय तक बात करने से उपयोग के दौरान पैदा हुई ऊष्मा के कारण कॉल की गुणवता कम हो सकती है.

- जब फोन का उपयोग लंबे समय तक नहीं हो, तो इसकी पावर कॉर्ड का प्लग निकाल कर इसे सुरक्षित जगह पर रखें.
- फोन को किसी भी रिसीविंग उपकरण (जैसे टीवी या रेडियों) के पास उपयोग करने से फोन में व्यवधान आ सकता है.
- रेडियो को LCD मॉनिटर या नोटबुक के पास सुनें जाने पर, रेडियो मॉड्युल काम करना बंद कर देता है, व्यवधान आ जाता है या शोर सुनाई देता है. LCD मॉनिटर पास होने पर, फोन को लगभग 30 मीटर दूर रखें. FM रेडियो तभी सक्रिय होता है जबकि उसमे हेडसेट लगा हो.
- एंटीना क्षतिग्रस्त होने पर फोन का उपयोग न करें. यदि क्षतिग्रस्त एंटीना चमड़ी के त्वचा के संपर्क में आता है, तो इससे त्वचा थोड़ी जल सकती है. क्षतिग्रस्त एंटीना को बदलने के लिए कृपया अधिकृत LG सर्विस सेंटर से संपर्क करें.
- फोन को पानी में डुबोएँ नहीं. यदि ऐसा हो जाता है, तो इसे तुरंत बंद कर दें और बैटरी निकाल दें. यदि फोन काम नहीं करता है, तो इसे अधिकृत LG सर्विस सेंटर पर ले जाएँ.
- इस उत्पाद की पावर कॉर्ड का उपयोग करने पर आप लेड के संपर्क में आएँगें, जिसे कैलिफोर्निया राज्य में ऐसा रासायनिक तत्व माना जाता है जो कैसंर, प्रसव या अन्य प्रजनन संबंधी बाधाओं का कारण हो सकता है. इसे हाथ लगाने के बाद हाथ धोएँ.
- फोन पर रंग नहीं करें.
- असावधानीपूर्वक उपयोग किए जाने, फोन को सुधारने या सॉफ्टवेयर के अपग्रेडेशन के कारण आपके फोन में संग्रहीत डेटा हट सकता है. कृपया अपने महत्वपूर्ण फोन नंबरों का बैकअप रखें. (रिंग टोन, शब्द मैसेज, वॉइस मेल, चित्र और वीडियो भी हट सकते हैं.)

  डेटा की हानि के लिए निर्माता उत्तरदायी नहीं हैं.
- सार्वजनिक स्थानों पर फोन का उपयोग करते समय फोन को कंपन मोड पर सेट करें ताकि अन्य लोगों को परेशानी न हो.
- अपने फोन को कान में लगाते समय इसे ऑन या ऑफ नहीं करें.

एफडीए ग्राहक अद्यतन

यूएस. फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन सेंटर फॉर डिवाइसेज़ एंड रेडियोलॉजिकल हेल्थ कंज़्यूमर का मोबाईल फोन के बारे में अद्यतन.

1. क्या वायरलेस फोन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं ?

उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्य यह नहीं बताते कि वायरलेस फोन से कोई स्वास्थ्य समस्या जुड़ी है. हाँलाकि, इसका भी कोई प्रमाण नहीं है कि वायरलेस फोन बिलकुल सुरक्षित हैं. उपयोग के दौरान वायरलेस फोन माइक्रोवेव रेंज में निम्न रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) ऊर्जा उत्सार्जित करते हैं. स्टैंडबॉय मोड में भी वे बहुत कम आरएफ उत्सार्जित करते हैं. आरएफ का ऊँचा स्तर स्वास्थ को प्रभावित (कोशिकाओं को गर्म करके) कर सकता है, जबकि निम्न स्तर की आरएफ के संपर्क से कोई स्वास्थ संबंधी दुष्प्रभाव ज्ञात नहीं हैं. निम्न स्तर की आरएफ के संपर्क के लिए हुए कई अध्ययनों में इसका कोई जैविक प्रभाव नहीं पाया गया. कुछ अध्ययन बताते हैं कि इसके कुछ जैविक प्रभाव हो सकते हैं., लेकिन अन्य अनुसंधानों से इसकी पुष्टि नहीं हुई. कुछ मामलों में तो अन्य अनुसंधानकर्ताओं को वही परिणाम पुनः प्राप्त करने, या अनियमित परिणामों की वजह से कारण निर्धारित करने में कठिनाई आई.

2. वायरलेस फोन की सुरक्षा के संबंध में एफडीए की क्या भूमिका हैं ?

कानून के अंतर्गत, एफडीए उपभोक्ता उत्पादों की बिक्री से पहले सुरक्षा समीक्षा नहीं करता, जैसा कि यह नई दवाईयों या चिकित्सकीय उपकरणों के साथ करता है. फिर भी, यदि यह पाया जाता है कि वायरलेस फोन उपयोगकर्ता के लिए घातक स्तर की रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आरएफ) उत्सार्जित करता है तो एजेंसी को कार्यवाई करने का अधिकार है. ऐसी स्थिती में एफडीए, स्वास्थ के लिए फोन के खतरों और उसकी मरम्मत, बदलने या वापस लेने की सूचना उपभोक्ताओं को देना वायरलेस फोन निर्माताओं के लिए अनिवार्य कर सकता हैं, ताकि खतरा समाप्त किया जा सके. हाँलाकि उपलब्ध वैज्ञानिक आँकड़ों के अनुसार एफडीए की ये नियामक कार्यवाईयाँ आवश्यक नहीं हैं, फिर भी एफडीए ने फोन उद्योग से कई उपाय अपनाने का आग्रह किया है, जिसमें निम्न भी शामिल हैं:

- वायरलेस फोन द्वारा उत्सार्जित आरएफ से संभावित जैविक प्रभावों के लिए अनुसंधान में सहायता देना;
- वायरलेस फोन को इस तरह डिजाइन करना, जिससे उपयोगकर्ता के लिए ऐसा आरएफ एक्यपोज़र न्यूनतम किया जा सके जो फोन के कार्य करने के लिए आवश्यक नहीं है; और
- वायरलेस फोन के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर हर संभव जानकारी वायरलेस फोन के

उपयोगकर्ताओं को उपलब्ध कराने में सहायता करना. एफडीए, संघीय एजेंसियों के अंतर एजेंसी कार्यसमूह से संबद्ध है जो संघीय स्तर पर आरएफ सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर सामंजस्यपूर्ण प्रयास सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है. इस कार्यसमूह में निम्न एजेंसियाँ हैं:

- नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ऑक्युपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ
- एन्वायरनमेंटल प्रोटेक्शन एजेंसी
- ऑक्युपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ एडमिनीस्ट्रेशन
- नेशनल टेलीकम्युनिकेशंस एंड इन्फॉर्मेशन एडमिनीस्ट्रेश

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ, कुछ अंतर एजेंसी कार्यसमूह की गतिविधिओं में भी भाग लेती है. एफडीए फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन (एफसीसी) के साथ वायरलेस फोन के लिए नियामक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता हैं. यह अनिवार्य है कि संयुक्त राज्य में बेचे जाने वाले सभी फोन आरएफ एक्सपोजर को सीमित करने वाले एफसीसी सुरक्षा दिशानिर्देषों का पालन करें. एफसीसी वायरलेस फोन संबंधी सुरक्षा के प्रश्नों के लिए एफडीए और अन्य स्वास्थ एजेंसियों पर निर्भर हैं.

एफसीसी उन आधार स्टेशनों का भी नियमन करती है जिन पर वायरलेस फोन नेटवर्क काम करते हैं. हालाँकि ये आधार स्टेशन वायरलेस फोन्स की तुलना में हजारों गुना कम होता हैं. इसलिए आधार स्टेशन इस दस्तावेज की सुरक्षा संबंधी चर्चा का विषय नहीं है.

3. इस अद्यतन का विषय किस प्रकार के फोन हैं ?

यहाँ पर ''वायरलेस फोन'' का अर्थ है बिल्ट – इन एंटीना युक्त हैडहेल्ड वायरलेस फोन, जिन्हें आमतौर पर ''सेल'', ''मोबाईल'', या ''पीसीएस'' फोन कहा जाता है. फोन और उपयोगकर्ता के सिर के बीच काफी कम अंतर होने के कारण इस प्रकार के वायरलेस फोन उपयोगकर्ता को रेडिया फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आरएफ) के संपर्क में ला सकते हैं.

ये आरएफ एक्सपोजर फेडरल कम्युनिकेशन कमीशन के सुरक्षा दिशानिर्देषों द्वारा सीमित किए गए हैं, जो एफडीए और अन्य संघीय स्वास्थ्य व सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर बनाए गए हैं. जब फोन उपयोगकर्ता से अधिक दूर होता है, तो आरएफ एक्सपोजर अत्यंत कम होता है क्योंकि स्त्रोत से दूरी बढ़ने के साथ – साथ व्यक्ति का आरएफ एक्सपोजर तेजी से कम होता जाता है. तथाकथित ''कॉर्डलेस फोन'' जिनकी आधर इकाई घर में टेलीफोन वायरिंग से जुडी होती है, वे अत्यंत कम ऊर्जा स्तरों पर चलते हैं जिससे उत्सर्जित आरएफ एक्सपोजर एफसीसी सुरक्षा सीमाओं से काफी कम होता हैं.

4. पिछले अनुसंधानों के क्या परिणाम हैं ?

अब तक हुए अनुसंधानों के परिणाम विरोधाभासी हैं और कई अध्ययनों की अनुसंधान पध्दतियों में त्रुटियाँ रही हैं. पशुओं पर किए गए वायरलेस फोन के रेडियो फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आरएफ) एक्सपोजर प्रभावों का अध्ययन करने वाले प्रयोगों के विरोधाभासी परिणाम आए हैं., जिन्हें अन्य प्रयोगशालाओं मे दोहराया नहीं जा सकता. हालाँकि पशुओं पर किए गए कुछ प्रयोगों से संकेत मिला है कि कम स्तर का आरएफ एक्सपोजर प्रयोगशाला के पशुओं के कैंसर को बढ़ा सकता है. हालाँकि, ऐसे कई अध्ययन जिनमें ट्यूमर का विकास तेज दिखाई दिया, ऐसे पशुओं पर किए गए थे जिन्हें जैव अभियांत्रिक या कैंसर पैदा करने वाले रसायनों से उपचारित किया गया था, जो कि आरएफ एक्सपोजर की अनुपस्थिती में भी कैंसर का कारण हो सकता है. अन्य अध्ययनों में पशुओं को प्रतिदिन 22 घंटो तक आरएफ के संपर्क में रखा गया था, ये स्थितियाँ वैसी नहीं हैं जिनका सामना लोग वायरलेस फोन का उपयोग करते समय करते हैं, इसलिए निश्चत रुप से यह नहीं कहा सकता कि ऐसे अध्ययनों के परिणाम मानव स्वास्थ के लिए क्या अर्थ रखते हैं. दिसंबर 2000 के बाद तीन बड़े इपिडमियोलॉजिकल अध्ययन प्रकाशित हो चुके हैं. अध्ययनों ने वायरलेस फोन के उपयोग और प्रारंभिक मस्तिष्क कैंसर, ग्लायोमा, मेनिंजियोमा, या एकॉस्टिक न्यूरोमा, मस्तिष्क का ट्यूमर या सलाइवरी ग्लैंड, ल्यूकेमिया या अन्य कैंसर के बीच संभावित संबंधों की जाँच की. इनमें से किसी भी अध्ययन से वायरलेस फोन के आरएफ एक्सपोजर से मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव के संकेत नहीं मिलते. हालाँकि, कोई भी अध्ययन दीर्घकालीन एक्सपोजर संबंधी प्रश्नों के उत्तर नहीं दे सकता, क्योंकि इन अध्ययनों में फोन के उपयोग की औसत अवधि करीब तीन वर्ष थी.

5. यह निर्धारित करने के लिए कि वायरलेस फोन के आरएफ एक्सपोजर स्वास्थ्य के लिए खतरा है या नहीं, किस शोध की आवश्यकता हैं ?

प्रयोगशाला अध्ययनों और वायरलेस फोन के उपयोगकर्ताओं के इपिडमियोलॉजिकल अध्ययन को मिलाने पर आवश्यक जानकारी मिलेगी. आजीवन पशु एक्सपोजर अध्ययन कुछ वर्षों में पूर्ण हो सकते हैं. हालाँकि, कैसर की वृद्धि के विश्वसनीय प्रमाण, यदि हैं तो, देने के लिए बड़ी संख्या में पशुओं की आवश्यकता होगी. इपिडमियोलॉजिकल अध्ययन ऐसा डेटा प्रदान कर सकते हैं जो सीधे मानव जाति पर लागू हों, लेकिन कैंसर जैसे कुछ स्वास्थ्य प्रभावों संबंधी प्रश्नों के उत्तर देने के लिए 10 या अधिक वर्षों का फॉलो – अप आवश्यक होगा. ऐसा इसलिए क्योंकि कैंसर उत्पन्न करने वाले कारक के एक्सपोजर और टयूमर के विकास (यदि ऐसा होता है तो) के बीच का समय कई, कई वर्ष हो सकता है. वायरलेस फोन के दैनिक उपयोग के दौरान वास्तविक आरएफ एक्सपोजर मापने में होने वाली कठिनाईयों से इपिडमियोलॉजिकल अध्ययनों की व्याख्या प्रभावित हुई हैं. इस माप को कई कारक प्रभावित करते हैं. जैसे फोन पकड़ने का कोण या उपयोग किए जा रहे फोन का मॉडल.

6. वायरलेस फोन आरएफ के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों के बारे में अधिक जानकारी के लिए एफडीए क्या कर रहा हैं ?

रेडियों फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आरएफ) के एक्सपोजर संबंधी महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने के लिए उच्च प्राथमिकता वाले पशु अध्ययन सुनिश्चित करने के लिए एफडीए द्वारा यू.एस.नेशनल टॉक्सिकोलॉजी प्रोग्राम और विश्व भर के जाँचकर्ताओं के समूहों के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा हैं. 1996 में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन इंटरनेशनल इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फील्ड्स (ईएमएफ) प्रोजेक्ट के आरंभ से ही एफडीए इसमें अग्रणी भागीदार रहा हैं. इस कार्य का प्रभावी परिणाम अनुसंधान आवश्यकताओं के लिए एक विस्तृत कार्यसूची का विकास रहा है जिसने विश्व भर में नए अनुसंधान कार्यक्रमों की स्थापना कराई. प्रोजेक्ट ने ईएमएफ मामलों पर सार्वजनिक जानकारी दस्तावेजों की एक श्रृंखला विकसित करने में भी मदद की हैं.

वायरलेस फोन सुरक्षा पर अध्ययन करने के लिए एफडीए और सेल्युलर टेलीकम्युनिकेशन एंड इंटरनेट एसोसिएशन (सिटीआईए) के बीच एक औपचारिक कोऑपरेटिव रिसर्च एंड डेवलपमेंट (सीआरएडीए) हुआ है. सरकार के विशेषज्ञों, उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों से जानकारी लेकर एफडए वैज्ञानिक परिदृश्य प्रदान करती है. सीटीआईए प्रायोजित अनुसंधान स्वतंत्र जॉचकर्ताओं से अनुबंध के माध्यम से चलाया गया हैं. प्रारंभिक अनुसंधान में प्रयोगशाला अध्ययन और वायरलेस फोन उपायेगकर्ताओं का अध्ययन शामिल होगा. विश्व भर में हुए नवीनतम अनुसंधान विकसों के संदर्भ में सीआरएडीए अतिरिक्त अुनसंधान आवश्यकताओं का व्यापक मूल्यांकन भी शामिल करेगा.

7. मुझे कैसे पता चलेगा कि अपने वायरलेस फोन के उपयोग से मुझे कितना रेडियो फ्वेंसी एक्सपोजर मिल रहा हैं ?

संयुक्त राज्य में बेचे गए सारे फोन्स को फेडरल कम्युनिकेशन कमीशन (एफसीसीं) के दिशानिर्देषों का पालन करना आवश्यक हैं जो रेडियों फ्रीक्वेंसी ऊर्जा (आरएफ) एक्सपोजर को सीमीत करते हैं. एफसीसी ने यह दिशानिर्देष एफडीए और अन्य संघीय स्वास्थ व सुरक्षा एजेंसियों के परामर्श के स्थापित किए हैं. वायरलेस टेलीफोन से आरएफ एक्सपोजर की एफसीसी सीमा 1.6 वॉट प्रति किलोग्राम (1.6 वॉ/किग्रा) की स्पेसिफिक एब्जॉर्पशन रेट (SAR) तय की है. एफसीसी सीमा इंस्टीटयूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग (आईईईई) और नेशनल काउंसिल ऑन रेडिएशन प्रोटेक्शन एंड मेजरमेंट द्वारा विकसित सुरक्षा मानको के अनुरुप है एक्सपोजर सीमा ऊतकों से उस ऊष्मा निकालनेकी शारीरिक क्षमता जो वायरलेस फोन से अवशोषित की जाती है, के आधार पर निश्चित की हाती है और यह प्रभावित करने के स्तर से काफी नीचे सेट की जाती है. वायरलेस फोन निर्माताओं को फोन के हर मॉडल का आरएफ एक्सपोजर को बताना होता है. एफसीसी की वेबासाईट (http://www.fcc.gov/oet/rfsafety/) आपके फोन पर एफसीसी

पहचान क्रमांक ढुंढ़ने का निर्देश देती है जिससे आप ऑनलाईन सूची में अपने फोन का आरएफ एक्सपोजर स्तर देख सकें.

8. वायरलेस फोन्स से निकलने वाली रेडियो फ्रिक्वेंसी ऊर्जा मापने के लिए एफडीए ने क्या किया है?

इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर्स (आईईईई), ने एफडीए के वैज्ञानिकों की सहभागिता व अगुवाई में वायरलेस फोन और अन्य वायरलेस हैंडसेट्स से ऊत्सर्जित रेडियो फ्रिक्वेंसी ऊर्जा (आरएफ) मापने के लिए एक तकनीकी मानक विकसीत किया है. यह जाँचता है कि वायरलेस फोन उपयोगकर्ताओं के सिरों में किस दर से आरएफ जमा हुई हैं. इस जाँच पद्धति में मानव सिर से ऊतक उत्प्रेरक मॉडल का उपयोग किया जाता है. मानकीकृत एसएआर परीक्षण पद्धति से एक फोन पर भिन्न प्रयोगशालाओं में किए जाने वाले मापनों में काफी एकरुपता आने की अपेक्षा है। एसएआर संपूर्ण शरीर या शरीर के छोटे अंग द्वारा ऊतक में अवषोशित ऊर्जा की मात्रा का मापन है.इसे पदार्थ के वॉट/किग्रा. (या मिलिवॉट/ग्रा.) में मापा जाता है. इस माप का उपयोग यह निर्धारित करने के लिए किया जाता है कि कोई वायरलेस फोन सुरक्षा दिशानिर्देषों के अनुरुप है या नहीं.

9. अपने वायरलेस फोन से रेडियो फ्रिक्वेंसी ऊर्जा का एक्सपोजर घटाने के लिए मैं क्या कर सकता हूँ?

यदि इन उत्पादों से कोई खतरा है भी--और इस समय हम नहीं जानते की कोई खतरा है भी या नहीं--तो संभवतः यह बहुत कम हैं। लेकिन यदि आप संभावित खतरों से बचने के प्रति चिंतित है तो आप रेडियो फ्रिक्वेंसी ऊर्जा (आरएफ) का प्रभाव न्यूनतम करने के लिए कुछ आसान कदम उठा सकते है. चुँकी व्यक्ति को कितना एक्सपोज़र मिलता है, इसका सबसे मुख्य कारक समय है, इसलिए वायरलेस फोन के उपयोग की अवधि घटाकर आरएफ एक्सपोजर घटाया जा सकता है.

- यदि आप प्रतिदिन वायरलेस फोन से लंबी बात करते हैं तो आप शरीर और आरएफ स्रोत के बीच ज़्यादा दूरी रख सकतें हैं, क्योंकि दूरी बढ़ने के साथ एक्सपोजर का स्तर नाटकीय रुप से गिरता है.

उदाहरण के लिए आप एक हैडसेट का उपयोग करके वायरलेस फोन को शरीर से दूर रख सकतें है या रिमोट एंटीना से जुड़े वायरलेस फोन का उपयोग कर सकते है. पुनः, वैज्ञानिक डेटा यह नहीं दर्शाते कि वायरलेस फोन हानिकारक हैं. लेकिन यदि आप इन उत्पादों के आरएफ एक्सपोजर से चिंतित हैं तो आप उपरोक्त उपाय अपनाकर वायरलेस फोन का आरएफ एक्सपोज़र घटा सकते हैं.

10. वायरलेस फोन का उपयोग करने वाले बच्चों पर क्या प्रभाव होगा?

वैज्ञानिक प्रमाण वायरलेस फोन के उपयोगकर्ताओं के लिए कोई खतरा नहीं बताते, इसमें बच्चें और किशोर भी शामिल हैं. यदि आप रेडियो धिक्वेंसी ऊर्जा (आरएफ) एक्सपोजर घटाने के लिए कदम उठाना चाहते हैं तो उपरोक्त उपाय वायरलेस फोन का उपयोग करने वाले बच्चें व किशोर भी अपना सकतें हैं. वायरलेस फोन के उपयोग का समय कम करके और उपयोगकर्ता व आरएफ स्रोत के बीच की दूरी बढ़ाकर आरएफ एक्सपोजर घटाया जा सकता है. अन्य राष्ट्रीय सरकारों द्वारा प्रायोजित कुछ समूहों ने सलाह दी हैं कि बच्चों को वायरलेस फोन के उपयोग से रोकना चाहिएँ. उदाहरण के लिए, युनाइटेड किंगडम सरकार ने दिसंबर 2000 में एक ऐसा ही पत्रक बाँटा था. उन्होने कहा कि ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि वायरलेस फोन के उपयोग से ब्रेन ट्यूमर या अन्य बूरे प्रभाव पड़ सकते है. बच्चों के लिए वायरलेस का उपयोग सीमित करना सिर्फ सावधानी के रुप में उठाया गया कदम था; यह किसी वैज्ञानिक प्रमाण पर आधारित नहीं था जिसमें स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ने की बात हो.

11. वायरलेस फोन चिकित्सकीय उपकरणों में क्या हस्तक्षेप करता है?

वायरलेस फोन की रेडियो धिक्वेंसी ऊर्जा (आरएफ) कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से प्रतिक्रिया कर सकती है. इसी कारण से एफडीए ने पेसमेकर्स और डिफिब्रिलेटर्स के कार्य में वायरलेस फोन से पड़ने वाला इलेक्ट्रोमैग्नेटिक अवरोध (इएमआई) मापने के लिए एक विस्तृत जाँच पद्धति विकसित की है. यह जाँच पद्धति अब एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ मेडिकल इंस्ट्रूमेंटेशन (एएएमआई) द्वारा प्रायोजित मानक का एक भाग है. एफडीए, चिकित्सकीय उपकरण निर्माताओं और कई अन्य समूहों के संयुक्त प्रयासों से बना अंतिम ड्रॉफ्ट 2000 के अंत पूर्ण हुआ था. इस मानक की बदौलत उत्पादक ये सुनिश्चित करेंगे कि पेसमेकर और डिफिब्रिलेटर्स वायरलेस फोन ईएमआई से सुरक्षित हैं.

एफडीए ने हैंडहेल्ड वायरलेस फोन से श्रवण यंत्र में पड़नेवाले अवरोध की भी जाँच की है और इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर्स (आईईईई) द्वारा प्रायोजित स्वैच्छिक मानक विकसित करनो में मदद की. यह मानक श्रवण यंत्र और वायरलेस फोन के लिए परिक्षण विधियाँ और कार्यक्षमता आवश्यकताएँ बताते है ताकि जब व्यक्ती एक साथ "संगत" फोन और "संगत" श्रवण यंत्र उपयोग करे तो कोई अवरोध न आए. यह मानक 2000 में आईईईई द्वारा स्वीकृत किया गया था.

वायरलेस फोन से अन्य चिकित्सकीय उपकरणों पर पड़ने वाले प्रभावों पर एफडीए लगातार निगरानी रख रहा है. यदि हानिकारक अवरोध उत्पन्न होता है तो एफडीए अवरोध का आकलन करनें हेतु जाँच करेगा और समस्या के समाधान का प्रयास करेगा.

12. मुझे अतिरिक्त जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया निम्न स्रोत देखें:

- वायरलेस फोन पर एफडीए का वेब पेज
  (http://www.fda.gov/cellphones/)
- फेडरल कम्युनिकेशन्स कमीशन (एफसीसी) आरएफ सुरक्षा कार्यक्रम
  (http://www.fcc.gov/oet/rfsafety/)
- इंटरनेशनल कमीशन ऑन नॉन – आयनाइज़िंग रेडिएशन प्रोटेक्शन
  (http://www.icnirp.de/)
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) अंतर्राष्ट्रीय ईएमएफ प्रोजेक्ट
  (http://www.who.int/peh-emf/en/)
- नेशनल रेडिओलॉजिकल प्रोटेक्शन बोर्ड (यूके)
  (http://www.hpa.org.uk/radiation/)